जनपद से एकमात्र मुद्रित एवं प्रकाशित दैनिक जनप्रिय की प्रमुख खबरें - गूगल एवं फेसबुक पर भी मौजूद
www.janpriya.page एवं Daink Janpriya facebook Login करें

दैनिक जनप्रिय

वर्ष–29 अंक– 293 आर.एन.आई. 56771 / 92 ललितपुर बुधवार30 जून 2021 पोस्टिंग रजि. : झांसी–232 / 2021–2023 मूल्य-1 / –रु. पृष्ठ 6

महिला अपने बच्चों के साथ बैठी अनशन पर

ललितपुर। थाना बानपुर द्वारा सुनवायी न करने पर एक परिवार घण्टाघर पर अनशन पर बैठ गया। परिवार का कहना है कि बेटी की शादी का कर्जा चुकाने के लिये घर में रखे 50 हजार के साथ सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिये गये। इसकी शिकायत थाने में की गयी। लेकिन कार्यवाही न होने पर महिला अपने पति एवं बच्चों के साथ घण्टाघर पर बैठ गयी। बाद में आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया।

पीएम मोदी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक, रक्षा क्षेत्र की चुनौतियों पर हुई चर्चा

(अनीस उर रहमान)

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक की और रक्षा क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने सुरक्षा बलों को आधुनिक उपकरण प्रदान करने, इस क्षेत्र में और अधिक युवाओं, स्टार्ट–अप व रणनीतिक समुदाय को जोड़ने समेत अन्य पहलुओं पर चर्चा की।जम्मू में वायु सेना के स्टेशन पर शनिवार देर रात दो ड्रोन से विस्फोटक गिराए गए थे। जिसमें दो जवान मामूली रूप से घायल हो गए थे। पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों का देश के किसी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान पर इस तरह का यह पहला ड्रोन हमला है। पहला विस्फोट शनिवार देर रात 1.40 बजे के आसपास हुआ, जबकि दूसरा छह मिनट बाद हुआ था।

पुलिस ने नकली शराब बनाने वाली गैंग को पकड़ा

सरगना फरार चार गिरफ्तार

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। पुलिस एवं एसओजी टीम ने सरकारी स्कूल के पीछे कैमिकल से देशी एवं अंग्रेजी एवं नकली शराब बनाने वाली गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं सरगना फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने आरोपियों से शराब के क्वार्टर, कैमिकल, ढक्कन एवं अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक गिरजेश कुमार के पर्यवेक्षण में एसओजी अवैध शराब बनाने वालों की धरपकड़ के लिये सक्रिय थी इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि थाना नाराहट के ग्राम बनियाना में कुछ लोग स्कूल के पीछे अवैध शराब बनाने का कारोबार कर रहे है। सूचना मिलते ही एसओजी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल, थाना नाराहट प्रभारी भानू प्रताप सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक मनोज वर्मा ने हमराह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर छापामारी की। इस दौरान शराब बनाने वाली गैंग के चार सदस्यों बनियाना निवासी लोकपाल सिंह उर्फ पप्पी, ग्राम कुलुआ निवासी रूद्र प्रताप सिंह उर्फ लव, एवं ग्राम बम्हौरी सिंदवाहा निवासी संजू राजा तथा मालथौन मध्य प्रदेश के ग्राम पलेथनी निवासी दीपू राजा को पकड़ लिया। वहीं गैंग का मुख्य सरगना ग्राम मिनरवाहा निवासी रामपाल सिंह फरार होने में कामयाब हो गया। वहीं पुलिस ने स्थल से 40 लीटर कैमिकल, 280 खाली क्वार्टर की शीशियां और 950 ढक्कन बरामद किये है। पूछताछ में एक आरोपी ने बताया कि उसे भाई को जेल से छुड़वाना था।

वहीं दूसरे ने लॉकडाउन में बेरोजगारी की बात कही। पूछताछ में दो ने लॉकडाउन में शराब की दुकानें बंद होने पर इस धंधे में उतरने की बात कही। ताकि नकली शराब सप्लाई कर पैसा कमा सके। पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

अफसरों ने जेल पर मारा छापा

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। प्रशासनिक अधिकारियों ने आज सुबह जेल में छापा मारकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं बन्दियों से पूछताछ कर समस्यायें जानी। सुबह सुबह जनपद न्यायाधीश मोहम्मद रियाज के साथ पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार, अपर जिलाधिकारी लवकुश त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मेराज अहमद, व अन्य अधिकारी जिला कारागार पहुंचे, जहां जेल के बैरिकों का अवलोकन करने के बाद बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिला जज ने कोरोना नियमों का पालन करने पर जोर दिया। वहीं बन्दियों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के निर्देश जेल प्रशासन को दिये। निरीक्षण के समय कारागार प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला मजिस्ट्रेट ने कैलाश निरंजन को प्रदान किया जीत का प्रमाण पत्र

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में कैलाश नारायण निरंजन को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ए दिनेश कुमार ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। बतातें चलें कि 26 जून को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिये दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल करने का समय था। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कैलाश नारायण पुत्र भैयालाल निवासी मिर्चवारा द्वारा अपना नामांकन पत्र जमा किया गया। 29 जून को नामांकन वापसी का दिन था, निर्धारित समय पर कोई नामांकन वापिस नहीं हुआ। अतः जिला मजिस्ट्रेट ने भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, बसपा के नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य लीलाधर कुल्लू दुबे समेत जिला पंचायत के अन्य नव निर्वाचित सदस्य एवं भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



बुलेट की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

(जनप्रिय संवाददाता)

तालबेहट। करबा के मुख्य मार्ग पर सोमवार की देर रात्रि सडक पार कर रही एक बुजुर्ग महिला को एक बुलेट सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगों में जमकर आक्रोश पनप गया। जानकारी अनुसार करबा निवासी वीरेन्द्र बबेले की मां सावित्री देवी उम्र 70 वर्ष सोमवार की रात्रि पडोस से सड़क पार कर अपने घर की ओर आ रही थी। उसी दौरान तेज गति से आ रहे बुलेट बाइक चालक सैफी खान ने बुजुर्ग महिला में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आए जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद लोगों ने बाइक सवार युवक को पकड़ कर कोतवाली पुलिस के सुर्पद कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। **वहीं दुर्घटना का मामला दर्ज**–तीन दिन पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग 44 ग्राम टेकरी के नजदीक कार ने बाइक सवारों में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसमें एक महिला समेत दो की मौत हो गई थी। मृतक महिला की पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया। राजपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र रूपनारायण ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी मां शंकुलता उम्र 55 वर्ष गांव के ही राकेश अहिरवार पुत्र दुर्गे अहिरवार के साथ बाइक से 24 जून की सुबह 9 बजे बाइक से झांसी की ओर जा रहे थे। तभी कार क्रमांक यूपी 93 बीए 6343 के अज्ञात चालक द्वारा लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मां की मौत हो गई तथा राकेश की उपचार के दौरान ग्वालियर में मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक पर धारा 279, 337, 338, 304ए, 427 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

पत्नी ने ससुराल जाने मना किया तो पति ने लगा ली फांसी

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। थाना जाखलौन के ग्राम धौंजरी में पत्नी को लेने आये युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि दिल्ली निवासी कुलदीप की शादी 2 वर्ष पूर्व धौंजरी निवासी सपना के साथ हुई थी।वर्तमान में लड़की अपने गांव में थी जिसे लेने के लिए पति आया था लेकिन पत्नी ने पति के साथ दिल्ली चलने से मना कर दिया इसी को लेकर दोनों में विवाद हुआ, कुछ देर बाद कुलदीप ने सपना के दुप्पटे से फाँसी लगा ली,जैसे ही पत्नी को इस बात का पता चला उसने दुप्पटे का फंदा काट कर उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक पति की मौत हो चुकी थी,सूचना मिलते ही पुलिस पहुँची, और पंचनामा भरने के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच में जुट गई।

भाजपाईयों ने गोविंदनगर के स्कूल में किया वृक्षारोपण

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर ललितपुर सेक्टर रावतयाना स्थित एक विद्यालय में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल में नए वृक्ष लगाए गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि जीवन हमारा जो चल रहा है वह आक्सीजन देने वाले वृक्ष ही हैं। इसीलिए सभी का दायित्व है कि अपने–अपने बूथों पर वह अपने अपने घरों में एक एक वृक्ष जरूर लगाएं। जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन ने बताया कि जो वृक्षारोपण का कार्यक्रम चल रहा है वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष में पूरे भारत में पार्टी के निर्देश के द्वारा चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में जो वृक्षारोपण का कार्यक्रम संगठन के द्वारा ही चलाया जा रहा है। इसीलिए सभी संगठन के पदाधिकारियों को मिलकर प्रत्येक बूथ में वृक्षारोपण कराने का संकल्प लेना चाहिए और सभी को मिलकर इस वृक्षारोपण के कार्यक्रम को सफल बनाना चाहिए। इस वृक्षारोपण में कार्यक्रम जिला संयोजक धर्मेंद्र गोस्वामी ने कहा कि आज हम सबको एक एक पेड़ लगाना आवश्यक है जिससे हमारी प्रकृति पर्यावरण बना रहे और सुझाव दिया कि हमें ललितपुर में चल रही एनजीओ से संपर्क कर वृक्ष लगाना सभी से सहयोग प्रदान करें, प्रेरित करें। अंत में नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के नगर संयोजक मज्जू सोनी, नीरज जैन, राहुल मोदी, बसंती लारिया, नगर उपाध्यक्ष दीपक सिंघई, राजीव हुण्डैत, भगत सिंह, नगर महामंत्री दीपक पाराशर, अमन द्विवेदी नगर मंत्री अभिषेक सोनी, दीपक वैद्य, आशीष हुण्डैत, गब्बर अहिरवार, राहुल मोदी, मनोज योगी, अभिषेक सोनी, सचिन साहू, दिनेश श्रीवास्तव रामकोटी, संतोष रजक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गरीब सहरिया को शराब पिलाकर की मारपीट

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। थाना पाली के ग्राम दूधई निवासी एक गरीब सहरिया पर दबंगों का कहर टूट पड़ा। दबंगों ने मारपीट कर उसे पुलिस से मिलकर बंद कराना चाहा। गरीब सहरिया ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है। इस सबंध में भागीरथ पुत्र बाबू सहरिया ने बताया कि 24 जून की रात 8 बजे वह पाली से दूधई आ रहा था। इसी दौरान पहले से मौजूद गांव के बब्लू, कल्लू, मन्नू यादव ने पीछे से पकड़ कर मारपीट कर दी और मुंह में शराब उड़ेलकर कट्टा लगा दिया, और कहा कि तूने हमारे बीडीसी प्रत्याशी को हरा दिया है। बाद में उक्त लोग मारपीट कर थाना पाली ले गये, और कहा कि इसे बंद कर दो। पुलिस ने दिन भर बिठाने के बाद दूसरे दिन शाम को डॉक्टरी के लिये भेजा। कार्यवाही की मांग उठायी है।

दबंगों ने सहरिया के खेत पर किया कब्जा

थाना जखौरा के चौकी बांसी ग्राम नदनवारा निवासी राधिया पत्नी हीरालाल सहरिया ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के दबंगों पर फसल न बोने देने एवं जबरदस्ती कब्जा करने की शिकायत की है। प्रार्थना पत्र में बताया कि 25 जून को किराये का ट्रैक्टर लेकर अपनी भूमि धरी खेत पर बोने के लिये पहुंची उसी समय गांव के गुलाब सिंह यादव, सचिन, श्रीमती धनुष, हाथ में डण्डा लेकर आ गये और कहा कि यहां से भाग जा। यह खेत हमारा है। जब इसकी शिकायत चौकी बांसी में की गयी तो पुलिस ने आश्वासन देकर भगा दिया। उसने जमीन पर कब्जा रोके जाने एंव कानूनी कार्यवाही की मांग उठायी है।

डा0 विजय खैरा बुवि कार्यपरिषद के बने सदस्य

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने भाजपा के वरिष्ठ नेता डा0 विजय खैरा को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी की कार्यपरिषद में सदस्य पद पर नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। बतातें चलें कि वह चौथी बार राज्यपाल द्वारा सदस्य नियुक्त किये गये है। डा0 खैरा बुन्देलखण्ड विकास परिषद एंव राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष है। उनको विद्यार्थियों की समस्यायें समझाने और क्षेत्र के विकास में विशेष रूचि है। कार्य परिषद के सदस्य बनाने पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, वन मंत्री दारा सिंह चौहान, जेल राज्य मंत्री जयकुमार सिंह, सांसद अनुराग शर्मा, विधायक रवि शर्मा, कुलपति जेबी वैशम्पायंत ने बधाई दी है।

गौ आश्रय स्थलों की निगरानी एसडीएम व बीडीओ करें - जिलाधिकारी

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। जिलाधिकारी अन्नाविदिनेशकुमार की अध्यक्षता में निराश्रित, बेसहारा गौवंश की समस्या से निजात पाने हेतु जनपद में संचालित स्थायी, अस्थायी गौवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गौवंश के भरण–पोषण एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में निराश्रित गौवंश के भरण–पोषण हेतु कुल 16 गौवंश आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें कुल 13886 गौवंश संरक्षित हैं। इसके अंतर्गत कल्याणपुरा गौवंश आश्रय में 2648, कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में 648, मौरसील में 946, दूधई डुगरिया आश्रय स्थल में 981, अमझरा घाटी आश्रय स्थल में 2206, डगडगी (गिरार) में 1946, निवारी पाली में 471, गंगचारी में 533, महरौनी में 222, सौजना मण्डी में 980, कारीपहाड़ी में 670, बादरौन में 418, दुधवा पुलवारा में 176, सिरसी में 463, कान्हा गौवंश आश्रय स्थल तालबेहट में 295 तथा भुचेरा में 283 गौवंश संरक्षित हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद के गौवंश आश्रय स्थलों में गौवंश के रखरखाव एवं प्रबंधन की निगरानी के लिए जो भी नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए हैं, वे अभिलेखीय पत्रावलियों की स्थिति अद्यतन रखें। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान गौवंश आश्रय स्थल गंगचारी में जो कमियां पायी गई हैं, उन्हें शीघ्र दुरूस्त किया जाए। इसी दौरान डीएम ने अपने सम्बोधन में कहा कि गौवंश आश्रय स्थलों की निगरानी उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी निरंतर करते रहें। गौवंश आश्रय स्थलों में निरीक्षण के समय कोई भी कमी पाये जाने पर नोडल अधिकारी तत्काल संज्ञान मे लायें। जो संस्थायें गौवंश आश्रय स्थलों में खराब गुणवत्ता का भूसा भेज रही है, उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही अधि0 अभि0 लो0नि0वि0 गौवंश आश्रय स्थल बादरौन में भूसा गोदाम एवं शेड का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करायें। गौवंश आश्रय स्थलों पर भूसा, चोकर एवं जलापूर्ति समय से पूर्ण की जाये, साथ ही यहां पर लगे श्रमिकों के पारिश्रमिक का भुगतान भी समय से किया जाए। चिकित्सा अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये, साथ ही बारिस के मौसम के दृष्टिगत गौवंश आश्रय स्थलों में पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा आश्रय स्थलों में भूसा, चोकर एवं पानी की उपलब्धता पर्याप्त रखी जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय, समस्त उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम समूह पेयजल योजनाओं को समय पर किया जाये पूरा-डीएम

ललितपुर। जिलाधिकारी ए दिनेश कुमार की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन 16 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित फर्मा के प्रतिनिधियों को आवश्यकता के अनुसार श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुये योजनाओं के प्रत्येक घटक स्थल पर कार्य शुरू करने एवं प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। संबंधित फर्मों को निर्देश दिये की योजनाओं को पूर्ण करने के लिये कम समय अवशेष है। टी0पी0 आई0 निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जाँच करें। अगर गुणवत्ता में कमी आती है तो आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, अतः योजनाओं के समस्त कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करायें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे लवकुश त्रिपाठी, एवं ग्रामीण विभाग, इंजी0 प्रवीण कुट्टी परियोजना प्रबन्धक जल निगम, पी0एम0सी0, टी0पी0 आई0 एवं संबंधित कार्यदायी फर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

दैनिक जन

बुधवार 30 जून

भाजपा प्रदेश कार्यकर्ताओं

(जनप्रिय संवाददाता)

झांसी। आज भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में झांसी महानगर में वृक्षारोपण वैक्सीनेशन सेंटर की देखरेख भारतीय जनता पार्टी जिला कोर कमेटी की बैठक एवं करोना महामारी से मृत कार्य कर्ताओं के परिवारजनों से भेंट की गई इस उपलक्ष में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम आज अटल एकता पार्क पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने वृक्षारोपण किया तथा उनके साथ प्रदेश सह प्रभारी वाई सत्य कुमार

कांग्रेसियों ने की सलीम के

झाँसी ! जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया जिसमें थाना बड़ागांव क्षेत्र के ग्राम पालर गांव में 21 अप्रैल की रात को बगीचे में सलीम की पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी थी. पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा कायम किया था जबकि सलीम के पुत्र जहीर ने लिखित हत्या आरोपी मुकेश राजू,पुत्र गण नाथूराम एवं मुकेश का भांजा सतीश आदि 5ब अज्ञात के खिलाफ

रेलवे स्टेशन के बहा

(जनप्रिय संवाददाता)

झांसी। रेलवे स्टेशन के सामने ध्यावसायिक कार्य के लिए आरएलडीए से अनुमति लिए वगैर अवैध तरीके से सेंटर प्लेस में चल रही खान पान कि दुकानों को बन्द करने का रेलवे प्रशासन ने पूर्व मे 48 घण्टे का अल्टिमेटम देकर नोटिस चस्पां किया था जिस पर मंगलवार को झांसी रेलवे स्टेशन के सामने बने कॉम्प्लेक्स सेंटर प्लेस रेल प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई दुकाने कर दी सील प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के आदेशानुसार व आलोक कुमार

व्यापारी नेता संतोष होगा उग्र आन्दो

(जनप्रिय संवाददाता)

झाँसी ! भारतीय प्रजाशक्ति पार्टी की बैठक पार्टी कार्यालय पर पार्टी के रा. अध्यक्ष पंडित पंकज रावत की अध्यक्षता में हुई जिसमें व्यापारी नेता संतोष साहू, के ऊपर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा किये गये जानलेवा हमले की घोर निन्दा करते हुए उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी गयी। बैठक में बोलते हुए रा. अध्यक्ष पंडित पंकज रावत ने कहा कि अब नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता चुन–चुनकर उन लोगों को परेशान कर रहा है जो

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कोरोना से मरने वाले कार्यकर्ताओं के परिजनों को दी सांत्वना, किया वृक्षारोपण

(जनप्रिय संवाददाता)

झांसी। आज भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में झांसी महानगर में वृक्षारोपण वैक्सीनेशन सेंटर की देखरेख भारतीय जनता पार्टी जिला कोर कमेटी की बैठक एवं करोना महामारी से मृत कार्य कर्ताओं के परिवारजनों से भेंट की गई इस उपलक्ष में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम आज अटल एकता पार्क पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने वृक्षारोपण किया तथा उनके साथ प्रदेश सह प्रभारी वाई सत्य कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह सांसद अनुराग शर्मा महापौर रामतीर्थ सिंगल विधायक रवि शर्मा आदि ने भी वृक्षारोपण किया तथा वृक्षारोपण स्थल पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव ने कहा 4 जुलाई को सभी बूथों पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा हर बूथ पर 10 वृक्ष लगाने का अभियान लिया है तथा पोस्ट कोविड–19 के कैंप लगाई जाए ताकि पोस्ट कोविड–19 के लोगों को सहायता हेतु और वैक्सीनेशन सेंटर पार्टी के कार्यकर्ता लोगों को जागरूक करेंगे यह हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक कर कहा कि कोई भी व्यक्ति वैक्सीन के बिना ना रहे तथा तीसरी लहर करोना की जो आने वाली है उसके बचाव हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में ऐसे हेल्थ वाले एक महिला एक युवक को प्रशिक्षण देकर किट् देकर उनको लोगों के बीच भेजा जाए ताकि भी लोगों को उचित सलाह वाह उचित स्वास्थ्य केंद्र पर उचित इलाज मिल सके यह किया जाएगा इसलिए हमारा प्रवास है हमारा आज का वृक्षारोपण कार्यक्रम ठीक उसी क्रम में है जिस प्रकार हमने योगा को जन–जन तक जागरूक किया स्वच्छता अभियान को जन–जन तक जागरूक किया ठीक इसी प्रकार पर्यावरण को लेकर भी हम जनता को जागरूक करेंगे तथा हमारी जनता मोदी जी के साथ हमें पूर्ण भरोसा है की उत्तर प्रदेश की जनता पूर्ण रूप से योगी पर विश्वास करती है और हमारी अभियानों में निश्चित रूप से सहयोग कर पर्यावरण को सुरक्षित करने का काम करेगी इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह जी मेडिकल कॉलेज स्थित वैक्सीनेशन सेंटर गए तथा वहां उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से हालचाल पूछा उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा वैक्सीनेशन सेंटर पर पर्याप्त जनता के लिए जो साधन है उनकी सेवा के लिए उनके विषय में उनसे पूछा इसके उपरांत सर्किट हाउस में भारतीय जनता पार्टी कोर कमेटी की बैठक हुई बैठक में कोर कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे बैठक में प्रदेश सह प्रभारी वाई सत्य कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने कोर कमेटी के सदस्यों से चर्चा कर संगठन को गति देने की बात कही इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह हमारे देव तुल्य कार्यकर्ता जो करोना महामारी के कारण हमारे बीच में नहीं है उन कार्यकर्ताओं के परिवार जनों से अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने मुलाकात की उनके परिवार को सांत्वना दी सर्वप्रथम हमारे पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह जी के बड़ागांव मंडल में ग्राम रेछोरा गए वहां उनकी माता शकुंतला देवी ,भाई श्याम सुंदर सिंह जो आज हमारे बीच में नहीं है उनके लिए प्रार्थना की इस दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा जिला अध्यक्ष जमुना कुशवाहा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सराओगी उपस्थित रहे शहर मंडल में हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय ओमीं मजीपके परिवार से मिले वही नगरा मंडल में वार्ड अध्यक्ष स्वर्गीय कृपाल सिंह के परिवारजनों से मिलकर प्रदेश अध्यक्ष ने सांत्वना दी आज के कार्यक्रमों में उपस्थित रहे प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह प्रदेश से प्रभारी वाई सत्य कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह मंत्री मन्नू कोरी प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रियंक पांडे जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा जिला अध्यक्ष जमुना कुशवाहा सांसद अनुराग शर्मा मेयर रामतीर्थ सिंगल सांसद भानु वर्मा डॉक्टर कंचन जयसवाल विधायक रवि शर्मा विधायक राजीव सिंह पारीछा विधायक रामरतन कुशवाहा विधायक जवाहर राजपूत विधायक बिहारी लाल आर्य पूर्व मंत्री रविंद्र शुक्ला क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह डॉक्टर जगदीश सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सराओगी पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सोनी पूर्व जिला अध्यक्ष संजय दुबे संजीव सिंह ऋषि विधायक नरेंद्र सिंह जादौन विधायक कालपी गौरी शंकर वर्मा विधायक उरई मूलचंद निरंजन विधायक माधवगढ़ रामेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष जालौन राजकुमार जैन जिला अध्यक्ष ललितपुर नंदकिशोर बिलवारी बंटी जैन मनोज गुप्ता शैलेंद्र प्रताप सिंह परमजीत सिंह मनी अनुज निखरा अमित श्रीवास्तव प्रियांशु डे दिगंत चतुर्वेदी अभिषेक जैन नागेंद्र पाल ऋषि सैनी राहुल तिवारी चंद्रभान राय सौरभ मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

छात्रा ने दोस्त के घर आकर की आत्महत्या

(जनप्रिय संवाददाता)



झाँसी। आगरा से अपने दोस्त के घर आई छात्रा के फांसी लगाकर जान देने से हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। मामला प्रेमप्रसंग का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवाबाद थाना क्षेत्र के अंसल कालोनी में छनियापुरा निवासी श्यामसुंदर राय के पुत्र सनी राय ने एक माह पूर्व ।–29 फ्लैट किराए पर लिया था। कल कुमारी रिया निवासी मुरली नगर थाना ताजगंज आगरा उससे मिलने झाँसी आयी थी। आज अचानक रिया ने कमरे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में रिया और सनी में प्रेमप्रसंग की बात सामने आ रही है। पूरा मामला जांच के बाद ही सामने आने की उम्मीद है।

पानी भरने को लेकर हुई धक्कामुक्की, चली गयी महिला की जान

झाँसी। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बिजौली में टैंकर से पानी भरने को लेकर हुए विवाद में एक 50 वर्षीय महिला की जान चली गयी। परिजनों ने पड़ोस में रहने वालों को महिला की मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि बिजौली के वार्ड नम्बर 22 में पानी की किल्लत चल रही है। इसके चलते टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। आज जब मुहल्ले में टैंकर पहुँचा तो वहां भीड़ जमा हो गयी। पहले पानी भरने को लेकर रघुराज व वीरेंद्र के परिवारों में कहासुनी के बाद धक्कामुक्की हो गयी। इसी में रघुराज की पत्नी उत्तरा देवी नीचे गिरकर बेहोश हो गयी। जिससे हड़कम्प मच गया। परिवार वाले उन्हें डॉक्टर के पास ले गए जहां उत्तरा को मृत घोषित कर दिया गया। सीओ सदर एके चौरसिया ने बताया पानी भरने को लेकर विवाद हुआ था। परिजनों की तहरीर मिलने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

कांग्रेसियों ने की सलीम के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग

झाँसी ! जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया जिसमें थाना बड़ागांव क्षेत्र के ग्राम पालर गांव में 21 अप्रैल की रात को बगीचे में सलीम की पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी थी. पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा कायम किया था जबकि सलीम के पुत्र जहीर ने लिखित हत्या आरोपी मुकेश राजू पुत्र गण नाथूराम एवं मुकेश का भांजा सतीश आदि 5&6 अज्ञात के खिलाफ थाना बड़े गांव में पत्र दिया था सरकारी कब्रिस्तान की जमीन को कब्जे को लेकर विवाद चल रहा था. गांव की रंजिश के चलते सलीम के परिवार ने गांव भी छोड़ दिया था जबकि सलीम व सलीम की पत्नी गांव में ही रोग गए थे और देवी के बगीचे में चौकीदारी का काम कर रहे थे तभी गांव के ही दबंग लोगों ने कब्रिस्तान की जमीन को लेकर सलीम की हत्या कर दी पुलिस मामले को लेकर लीपापोती कर रही है जबकि जहीर का पुत्र प्रतिदिन थाने न अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भगवानदास कोरी ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से हत्या आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है. ज्ञापन के दौरान प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया, मनीराम कुशवाह, गिरजा शंकर राय, जावेद ,जहीर, राजू ,असगर अली, पन्नालाल ,हीरा ,शरीफ खान आदि कांग्रेसी मौजूद थे।

शुद्ध व स्वच्छ मतदाता सूची से ही पारदर्शी निर्वाचन संभव-अजय कुमार

(जनप्रिय संवाददाता)

झाँसी ।आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. अजय कुमार शुक्ला ने योजना भवन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचक नियमावलियों के संबंध में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि नए मतदाताओं का नाम शत प्रतिशत रूप से सम्मिलित किया जाए। इसके साथ ही मतदाता सूची से मृतक मतदाता एवं निर्वाचन क्षेत्र से बाहर निवास करने वाले मतदाताओं के नाम हटाये जाने की भी कार्यवाही करते हुए शुद्ध रूप से मतदाता सूची तैयार करायी जाए। शुद्ध एवं स्वस्थ मतदाता सूची के माध्यम से ही शांतिपूर्ण, स्वच्छता व पारदर्शिता से निर्वाचन संपन्न कराना संभव, अतः मतदाता सूची पूर्ण संवेदनशीलता व साधधानी से तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि नए मतदाताओं को पहचान पत्र स्पीड पोस्ट से भेजे जाएंगे, इस संबंध में सम्बंधित मतदाता का सही नाम, पता फॉर्म में अंकित किया जाए, जिससे पहचान पत्र भेजे जाने में कोई परेशानी न हो। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समस्त जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी फॉर्म प्राप्त होता है तो उसे लंबित न रखा जाए तत्काल उक्त फॉर्म पर कार्यवाही करते हुए उसका निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालन हेतु जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी आंद्रा वामसी ने एन आई सी कक्ष में निर्वाचक नामावली से सम्बंधित समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना है उसके लिए बूथवार सूची बनाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदेय स्थल जहां पर महिला मतदाता का नाम सूची में कम जोड़ा गया है ऐसे बूथों की सूची बनाकर महिला मतदाताओं जागरूक करते हुए उनका सत्यापन कराकर नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ बैठक करते हुए निर्वाचक नामावलियों के संबंध में दिए गए निर्देशों के संबंध में जानकारी दी जाए, साथ ही बीएलओ, सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिलाते हुए निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने व हटाने और सही पता आदि कार्यों को सुनिश्चित कराया जाए। इस मौके पर एडीएम बी प्रसाद, एसडीएम सदर शशि भूषण, एसडीएम मोंठ राज कुमार, एसडीएम टहरौली मंजूर अहमद मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन के बहार अवैध दुकानों को हटाया, रेल सुरक्षा बल ने की कार्यवाही

(जनप्रिय संवाददाता)

झांसी ।रेलवे स्टेशन के सामने व्यावसायिक कार्य के लिए आरएलडीए से अनुमति लिए वगैर अवैध तरीके से सेंटर प्लेस में चल रही खान पान कि दुकानों को बन्द करने का रेलवे प्रशासन ने पूर्व मे 48 घण्टे का अल्टिमेटम देकर नोटिस चस्पां किया था जिस पर मंगलवार को झांसी रेलवे स्टेशन के सामने बने कॉम्प्लेक्स सेंटर प्लेस रेल प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई दुकाने कर दी सील प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर के आदेशानुसार व आलोक कुमार मण्डल सुरक्षा आयुक्त रेल सुरक्षा बल के निर्देशन में स्टेशन पोस्ट प्रभारी अशोक यादव ,लोको प्रभारी नरेश धनकड ,वर्कशॉप प्रभारी जीपी मीना,निरीक्षक प्रदीप यादव ,थाना नवाबाद प्रभारी सुनील कुमार , सहित पुलिस बल मौजूद रहा रेल सुरक्षा बल ने सेंटर प्लेस की दुकानों का सामान जप्त कर दुकानें सील कर दी गई । इस दौरान कई लोग पकड़े भी गए बता दे कि झांसी रेलवे स्टेशन के सामने बने कॉम्प्लेक्स सेंटर प्लेस पर नोटिस चस्पा के बाबजूद ध ड़ल्ले से चल रही है बेधड़क दुकानो की शिकायत रेल प्रशासन को मिली रही थी रेल प्रशासन ने नोटिस चस्पा कर सभी कारोबारियों को 48 घंटे का अल्टिमेटम दिया गया है 48 घंटे खत्म होने के बाद रेलवे प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की आरएलडीए से अनुमति लिए वगैर अवैध तरीके से सेंटर प्लेस में चल रही खान पान कि दुकानों को बन्द करने का रेलवे प्रशासन ने कॉम्प्लेक्स सेंटर प्लेस में बनी दुकानों में लगातार कुछ लोग अवैध तरीके से अवैध और प्रतिबन्ध खाद्य सामग्री रेलवे के नियमो के विपरित बेच रहे है। मालूम हो कि रेलवे स्टेशन के सामने बने कॉम्प्लेक्स सेंटर प्लेस

में बनी दुकानों में लगातार कुछ दबंग लोग अवैध तरीके से कब्जा कर अवैध और प्रतिबन्ध खाद्य सामग्री रेलवे के नियमो के विपरित बेच रहे है । वहीं लगातार अवैध तरीके से गुंडई के बल पर बन्द दुकानों के ताले तोड़कर अवैध कब्जे किए जा रहे है । इस प्रकरण को लेकर लगातार हो रहे अपराधिक घटनाओं को गंभीरता से लेकर झांसी रेलवे प्रशासन ने इस कोम्प्लेक्स में लगने वाली अवैध दुकानें को सील कर बडी कार्यवाही की।

विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

(जनप्रिय संवाददाता)

झाँसी। गरीब मजदूर संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने खंड विकास अधिकारी चिरगाँव को ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। ज्ञापन में अन्ना पशुओं की रोकथाम के लिये ग्राम प्रधान व सचिवों को निर्देशित किया जाने, गाँव–गाँव आवारा घूमते अन्ना जानवरों को गौशाला भेजने, रामनगर रोड पर चिरगांव देहात से सुल्तानपुरा गाँव तक सड़क किनारे नाली की सफाई व कुछ जगह नाली का निर्माण कार्य कराया जाने, ग्राम पंचायत रामनगर में पीने के पानी की टंकी सही कराकर सुचारु रूप से पानी उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना में खुली बैठक कर गरीब परिवारों के नाम सम्मिलित किये जाने, ग्राम पंचायत चिरगांव देहांत में परिहार डेरा में नाली का निर्माण कराने आद समस्याओं का शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

व्यापारी नेता संतोष साहू पर हमले की निन्दा, होगा उग्र आन्दोलन- पंडित पंकज रावत

(जनप्रिय संवाददाता)

झाँसी ! भारतीय प्रजाशक्ति पार्टी की बैठक पार्टी कार्यालय पर पार्टी के रा. अध्यक्ष पंडित पंकज रावत की अध्यक्षता में हुई जिसमें व्यापारी नेता संतोष साहू के ऊपर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा किये गये जानलेवा हमले की घोर निन्दा करते हुए उग्र आन्दोलन की चेतावनी दी गयी। बैठक में बोलते हुए रा. अध्यक्ष पंडित पंकज रावत ने कहा कि अब नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता चुन–चुनकर उन लोगों को परेशान कर रहा है जो जनता की आवाज बन रहे हैं उन्हें दबाने का पूरा प्रयास किया जाता है। यह प्रकरण भी कुछ इसी प्रकार का है मजे की बात यह है कि जहां अतिक्रमण दस्ते को कार्रवाही करनी चाहिए वहां ये जाने तक घबराते है ऐसे कई नामचीन और सत्ताधारी नेता है जिन्हों ने अतिक्रमण की सारी हदें पार कर दी और तो और नगर निगम की नाक के सामने ही अतिक्रमण में यह दस्ता आंखे बन्द किये रहते है। रावत ने कहा कि अतिक्रमण दस्ते के ऊपर धारा 307 जानलेवा हमले में गिरफ्तारी होनी चाहिए साथ ही सार्वजनिक रूप से दस्ता माफी मांगे। रावत ने 48 घण्टे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि माफी नहीं मांगी गई और मुददमा दर्ज नहीं किया गया तो भारतीय प्रजाशक्ति पार्टी उग्र आन्दोलन करने के लिए सड़कों पर उतरेगी। बैठक में सुदर्शन सिंह तोमर, धरन शर्मा, राजेश तिवारी, जयकिशन गोस्वामी, अमित यादव, शशांक उपाध्याय, आनंद मुदगल, राधारमण उपाध्याय, के साथ कई व्यापारी उपस्थित रहे।

निधन पर शोकसभा का आयोजन

मऊरानीपुर। नगर के मुहल्ला गाँधीगंज स्थित दैनिक जनता यूनियन कार्यालय पर एक शोकसभा पत्रकार सौरभ भार्गव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चन्द्र पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्व पार्षद गायत्री देवी पाठक के आकस्मिक निधन हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान की गयी। इस मौके पर प्रमोद सैनी, रोहित सेन, मोनू सेन, लल्लू कुशवाहा, अंकुर सेन, समीर गुप्ता, छोटू अहिरवार आदि लोग उपस्थित रहे। वही नगर के मुहल्ला गाँधीगंज स्थित भार्गव हाऊस पर एक शोकसभा डॉ. जी. डी. भार्गव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चन्द्र पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्व पार्षद गायत्री देवी पाठक के आकस्मिक निधन हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान की गयी। इस मौके पर योगेन्द्र सिंह परिहार एड.,नीरज ताम्रकार, रामगोपाल गुप्ता, राघवेन्द्र राजपूत, अतुल गुप्ता, लाला गुप्ता, मन्नु सोनी ,कृष्ण कुमार साहू आदि लोग उपस्थित रहे। वही संजू पाठक के माता– पिता के आकस्मिक निधन पर देवर्षि संस्था की बैठक में शोक व्यक्त किया गया।

सब्जियों के उन्नतशील किस्मों के बीजों का वितरण

(जनप्रिय संवाददाता)

झांसी। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के द्वारा कुलपति डॉ अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में तथा निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ एसएस सिंह के निर्देशन में महत्वकांक्षी अनुसूचित जाति परियोजना के अंतर्गत लोबिया एवं भिंडी सब्जियों के उन्नतशील किस्मों के बीजों का वितरण ग्राम पृथ्वीपुर नया खेड़ा, बबीना, झांसी में 65 कृषकों को किया गया। इसके साथ ही आईएआरआई नई दिल्ली की सी ए टी ऐ टी परियोजना के अंतर्गत भी विभिन्न सब्जियां जैसे भिंडी, तुरई, बैगन, लाल चोलाई एवं लोबिया के उन्नतशील किस्मों का भी वितरण किया गया। कृषकों को इसकी खेती की वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी डॉ अर्जुन लाल ओला एवम डॉ गौरव शर्मा द्वारा दी गई एवं उन्होंने बताया कि कैसे अच्छा उत्पादन लिया जा सकता है। इस कार्यक्रम में परियोजना से जुड़े उद्यान वैज्ञानिक डॉ रंजीत पाल एवम् डॉ गोविंद विश्वकर्मा के अलावा ग्राम के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

संपादकीय

जल प्रबंधन के लिए जवाबदेही तय हो

मानवीय भूलों का ही परिणाम है कि आज धरती पर जल संकट पैदा हो गया है। लगातार बढ़ता प्रदूषण और जल के संचय का अभाव इसके मुख्य कारण हैं। प्रकृति के साथ हमने बहुत खिलवाड़ कर लिया और इसके गंभीर परिणाम हमें अब धीरे–धीरे देखने को मिल रहे हैं। हर वर्ष लाखों लोग, अधिकतर बच्चे, अपर्याप्त जल आपूर्ति और स्वच्छता की कमी से उत्पन्न होने वाली बीमारियों से मरते हैं। अनुमान है कि 2050 तक दुनिया की एक–चौथाई आबादी संभवतः उन देशों में रहेगी, जहां पानी की गंभीर और बार–बार कमी रहेगी। 1990 से ढाई अरब लोगों को बेहतर पेयजल सुलभ हुआ है, लेकिन अब भी 66.3 करोड़ लोग उससे वंचित हैं। नीति आयोग ने 2018 की अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि भारत के 75 प्रतिशत घरों को अब तक पाइपलाइन से नहीं जोड़ा गया है। यही नहीं, जल गुणवत्ता में भारत की रैंकिंग 122 देशों में 120वीं है, जो भारत में जल प्रबंधन की समस्या को प्रदर्शित करता है। भारत में विश्व का चार फीसदी पेयजल है। भारत कृषि प्रधान देश है, जहां सिर्फ कृषि में ही 79 प्रतिशत जल का उपयोग होता है। आवश्यकता है कि जल का प्रबंधन ऐसे किया जाए, जिससे कि कम जल में ज्यादा का उत्पादन हो सके। इसके लिए तकनीक का सहारा लिया जा सकता है। बढ़ती आबादी, तीव्र औद्योगिकीकरण और अनियोजित शहरीकरण में लगातार हो रही वृद्धि से जल प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। अगर हम नदियों, तालाबों आदि को प्रदूषित करते रहे, तो वह दिन दूर नहीं, जब नदियों का पानी बिल्कुल भी उपयोग के लिए लायक न रहे। नदियों में प्रदूषण रोकने के लिए सरकार ने कुछ प्रयास भी किए, जिसका कोई विशेष असर नहीं दिख रहा है। इसके लिए सीवर लगाए गए। उद्योगों में जीरो डिस्चार्ज का प्रयास किया गया, ताकि कचरा नदियों को गंदा न कर सके। लेकिन विभिन्न प्रयासों के बाद भी गंगा में गंदगी जस की तस है। 2017 में राष्ट्रीय नदी जल संरक्षण योजना (एनआरसीपी) ने कहा भी था कि इन प्रयासों के बाद भी गंगा की नगण्य सफाई हुई है। प्रयासों के असफल होने का कारण था कि सरकार वहां ध्यान नहीं दे पाई, जो प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है। नदियां सबसे ज्यादा प्रदूषित उद्योगों से निकलने वाले कचरे से हो रही हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, लॉकडाउन के पूर्व जहां 36 में सिर्फ एक पॉइंट पर ही गंगा स्वच्छ थी, वहीं लॉकडाउन होने पर 36 में 27 पॉइंट पर स्वच्छता दिखी। स्पष्ट है कि नदियों में गंदगी का मुख्य कारण उद्योगों से निकलने वाला कचरा ही है। इस पर काम करने की जरूरत है। इसके लिए हम जर्मनी की राइन नदी से सीख सकते हैं। इसके लिए तकनीक का उपयोग हो। इसे अमली जामा पहनाने के लिए अधिकारियों को जवाबदेह बनाना होगा। सतत विकास लक्ष्य में 2030 तक, सबके लिए सुरक्षित और किफायती पेयजल सर्वत्र और समान रूप से सुलभ कराने का लक्ष्य रखा गया है। कोरोना काल में इस लक्ष्य को प्राप्त करना बड़ी चुनौती है। सेंटर फॉर साइंस ऐंड एन्वायरमेंट (सीएसई) ने सुरक्षित स्वच्छता और सुरक्षित भविष्य के लिए कुछ सुझाव दिए हैं। इनमें अधिक से अधिक शौचालय स्थलों पर ही स्वच्छता सुविधा उपलब्ध करना एवं मल के उपचार और मल अपशिष्ट के पुनरू उपयोग को बढ़ावा देना शामिल है। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि शहर के बीचो–बीच खुले नालों से निकलने वाले सीवेज को बायोरेमिडेशन तकनीक से शोधित किया जाए। बात नदियों की हो, तो उसमें एक नदी के सभी हिस्सों में पर्यावरणीय प्रवाह अनिवार्य किया जाना चाहिए। शहरों को पानी का इस्तेमाल कम करना चाहिए और पानी के लिए भुगतान करना चाहिए। भारत जैसे बड़े देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए जल प्रबंधन करना अति आवश्यक है। जिस देश में 79 प्रतिशत जल का उपयोग कृषि कार्यों में हो जाता है, वहां हमें कृषि में जल प्रबंधन के बारे में अविलंब कदम उठाने की जरूरत है। पानी की असली कीमत तो वही आदमी बता सकता है, जो रेगिस्तान की तपती धूप से निकल कर आया हो। इसलिए जल संरक्षण के महत्व को सभी व्यक्तियों को समझना होगा और अपनी जिम्मेदारियां निभानी होगी।

जिले को एचआईवी मॉडल बनाने को लेकर समन्वय बैठक सम्पन्न

बाँदा। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा एपीडी बाँदा के पूर्व डीएम डॉ. हीरा लाल के निर्देशानुसार प्रदेश में 3 जनपदों में (बांदा, बस्ती, वाराणसी) में एचआईवी मॉडल बनाने हेतु कहा गया है। जिसके सापेक्ष आज जनपद बांदा में डॉ एमसी पाल जिला क्षय रोग अधिकारी की अध्यक्षता में जिले को एचआईवी मॉडल बनाने में पहली समन्वय बैठक जिला एड्स रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यालय में हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा धर्मेंद्र पाल सिंह टीम लीडर टीएमयू गौरव सिंह राजवंशी पीओ एमएस ई डॉ. आदित्य कुमार कार्यक्रम अधिकारी यूपीसीक लखनऊ द्वारा प्रतिभाग किया गया जिनके द्वारा समस्त घाटको पर चर्चा की गई एवं कार्यक्रम की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सुझाव दिए गए इस बैठक में जनपद बांदा में संचालित एचआईवी एड्स कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त आई.सीटीटी. एआरटी विहान अहाना एजीओ द्वारा प्रतिभाग किया गया। धर्मेंद्र पाल सिंह टीम लीडर टीएमयू लखनऊ द्वारा समस्त आईसीटीसी काउंसलर एलटी को केंद्र का वर्क लोड बढ़ाने हेतु कहा गया।

पत्नि के गायब होने पर पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

(जनप्रिय संवाददाता)

कालपी (जालौन)। कालपी कोतवाली क्षेत्र के मुहल्लां हरीगंज निवासी पत्नी ने पति के गायब होने से सम्बंधित प्रार्थनापत्र देते हुये पति का पता लगाये जाने की गुहार लगायी है। पुलिस ने पत्नी के प्रार्थनापत्र के आधार पर गुमसुदगी दर्ज कर ली है। मिलीं जानकारी के मुताबिक कालपी कोतवाली पुलिस को मंगलवार को पीडिता पत्नी श्रीमती सबीना पत्नी अफरोज उर्फ राजू पुत्री राजू निवासी हरीगंज कालपी ने शिकायतीपत्र देकर अवगत कराया कि उसकी शादी तकरीबन 10 वर्ष पूर्व मौसी नफीसा खातून निवासी गंगापार उन्नाव के लडके अफरोज उर्फ राजू पुत्र स्व0 मुहम्मद अहमद के साथ हुई थी तथा वह व उसका पति कमरा किराये पर लेकर कालपी में रहता था तथा उसका पति मजदूरी करता था। 9 जून 2021 की सुबह उसका पति उससे कहकर गया कि वह घर गंगापार उन्नाव जा रहा है तथा सामान लेकर आ जायेगा। लेकिन वह नही आया तो खोजबीन की कोई पता नही चल सका तथा बाद में गंगापार उन्नाव जाकर पता किया वहांभी नही पहुंचा। कालपी पुलिस ने पीडिता के प्रार्थनापत्र के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

मोदी के मिशन कश्मीर में पूरा सहयोग कर रहे गुलाम नबी आजाद

भूपेन्द्र जैन

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू–कश्मीर को विशेष स्वायत्तता मिली थी। वहीं, 35 ए के तहत जम्मू–कश्मीर राज्य विधानमंडल को 'स्थायी निवासी' परिभाषित करने और उन नागरिकों को विशेषाधिकार प्रदान करने का अधिकार देता था। जम्मू–कश्मीर काफी बदल चुका है। बदला हुआ कश्मीर देश की जनता को काफी रास आ रहा है। इसके लिए केन्द्र की मोदी सरकार को सबसे अधिक श्रेय मिलना स्वभाविक है। क्योंकि 1954 में पंडित जवाहर लाल नेहरू सरकार द्वारा जम्मू–कश्मीर को अस्थायी रूप से धारा–370 और 35 ए के तहत जो विशेष राज्य का दर्जा दिया गया था, वह कश्मीर के कुछ राजनैतिक और क्षेत्रीय वादी नेताओं के अलावा किसी को रास नहीं आ रहा था, लेकिन इसको हटाने की बजाए कांग्रेस सहित जो भी दल सत्ता में आया वह इसे पालता पोसता रहा। परंतु जब से केन्द्र में मोदी सरकार आई थी, तब से लगने लगा था कि जल्द ही जम्मू–कश्मीर से इन दो धाराओं को 'विदा' कर दिया जाएगा। ऐसा इसलिये भी लगता था क्योंकि जब भी केन्द्र के चुनाव होते थे भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे में जम्मू–कश्मीर से धारा–370 और 35 ए को हटाए जाने का जिक्र जरूर होता था। मोदी सरकार ने उक्त दोनों धाराओं को खत्म करके जो दिलेरी दिखाई है, उसकी चौतरफा चर्चा हो रही है, तो खुशी की बात यह भी है कि धारा 370 एवं 35 ए की बहाली को लेकर आग उगलने वाले जम्मू–कश्मीर की क्षेत्रीय पार्टियों के नेता और पूर्व मुख्यमंत्रियों गारूख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा के सुर भी हल्के पड़ गए हैं। उनको भी इस बात का अहसास हो गया है कि अब धारा–370 और 35 ए इतिहास बन चुका है। उक्त नेताओं के सुर ऐसे ही नहीं बदल गए है। इन नेताओं को इस बात का अच्छी तरह से अहसास है कि जम्मू–कश्मीर की जनता बदले माहौल में अपने आप को ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रही है। उक्त दोनों धाराओं की समाप्ति के बाद जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद 50 फीसदी कम हो गया है। वहां के चंद सियासी घरानों की 'लूट–खसोट' पर विराम लग गया है। विकास की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। बैठक में जम्मू–कश्मीर के उप–राज्यपाल मनोज सिन्हा और खासकर कांग्रेस के दिग्गज नेता और जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद की अहम भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी करीबी हैं। संसद में आजाद का कार्यकाल समाप्त होने के समय आजाद की विदाई भाषण के समय मोदी ने कहा भी था कि हम आप यहां से जा रहे हैं, लेकिन हम आपका कहीं और बेहतर इस्तेमाल करेंगे। बैठक में ऐसा ही देखने को मिला आजाद घाटी और दिल्ली में बैठे नेताओं के बीच 'सेतु' बांधने का काम करते दिखे। दरअसल, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू–कश्मीर को विशेष स्वायत्तता मिली थी। वहीं, 35 ए के तहत जम्मू–कश्मीर राज्य विधानमंडल को 'स्थायी निवासी' परिभाषित करने और उन नागरिकों को विशेषाधिकार प्रदान करने का अधिकार देता था। यह भारतीय संविधान में जम्मू–कश्मीर सरकार की सहमति से राष्ट्रपति के आदेश पर जोड़ा गया था। राष्ट्रपति ने 14 मई 1954 को इस आदेश को जारी किया था। यह अनुच्छेद 370 का हिस्सा था। अनुच्छेद 370 के प्रावधानों के अनुसार, संसद को जम्मू–कश्मीर के बारे में रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का अधिकार था। लेकिन किसी अन्य विषय से संबंधित कानून को लागू करवाने के लिए केंद्र को राज्य सरकार की मंजूरी चाहिए थी। इसी विशेष दर्जे के कारण जम्मू–कश्मीर राज्य पर संविधान की धारा 356



लागू नहीं होती थी। राष्ट्रपति के पास राज्य के संविधान को बर्खास्त करने का अधिकार नहीं था। 1976 का शहरी भूमि कानून राज्य पर लागू नहीं होता था। भारत के दूसरे राज्यों के लोग जम्मू–कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकते थे। भारतीय संविधान की धारा 360 के तहत देश में वित्तीय आपातकाल लगाने का प्रावधान है। यह जम्मू–कश्मीर पर लागू नहीं होता था। धारा 370 के तहत कुछ विशेष अधिकार कश्मीर की जनता को मिले हुए थे। इस धारा की वजह से कश्मीर में आरटीआई और सीएजी जैसे कानून लागू नहीं होते थे। जम्मू–कश्मीर के नागरिकों के पास दोहरी नागरिकता होती थी। जम्मू–कश्मीर का अलग राज्य ध्वज था। जम्मू–कश्मीर की विधानसभा का कार्यकाल 6 वर्षों का होता था, जबकि भारत के अन्य राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल 5 वर्ष का था। जम्मू–कश्मीर के अंदर भारत के राष्ट्रध्वज या राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान अपराध नहीं होता था। भारत के उच्चतम न्यायालय के आदेश जम्मू–कश्मीर के अंदर मान्य नहीं थे। भारत की संसद जम्मू–कश्मीर के संबंध में सीमित क्षेत्र में कानून बना सकती थी। जम्मू–कश्मीर की कोई महिला यदि भारत के किसी अन्य राज्य के व्यक्ति से विवाह कर ले तो उस महिला की राज्य की नागरिकता समाप्त हो जाती थी। इसके विपरीत यदि वह पाकिस्तान के किसी व्यक्ति से विवाह कर ले तो उसे भी जम्मू–कश्मीर की नागरिकता मिल जाती थी। बात 35 ए की कि जाए तो इसके तहत जम्मू–कश्मीर के लिए स्थायी नागरिकता के नियम और नागरिकों के अधिकार तय होते थे। 14 मई 1954 के पहले जो कश्मीर में बस गए थे, उन्हीं को स्थायी निवासी माना जाता था। जो जम्मू–कश्मीर का स्थायी निवासी नहीं था वह राज्य में संपत्ति नहीं खरीद सकता था। सरकार की नौकरियों के लिए आवेदन नहीं कर सकता था। वहां के विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं ले सकता था। न ही राज्य सरकार की कोई वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकता था। संवाद एक सतत प्रक्रिया है, इसका होना और जारी रहना ही अपने आप में सफलता है। जम्मू–कश्मीर में शांति और विकास की पहल को आगे बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में हुई बातचीत स्वागतयोग्य है। जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद खास तौर पर घाटी में जो तल्खी दिखी, उसका समाधान संवाद से ही संभव है। घाटी के नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य दिग्गज मंत्रियों, नेताओं की बातचीत पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाह है। बहुत दिनों से यह मांग उठ रही थी कि केंद्र सरकार को कश्मीरी नेताओं से बातचीत करनी चाहिए। इस मांग के प्रति केंद्र ने उदारता दिखाई है और प्रधानमंत्री की इस बैठक में जम्मू–कश्मीर के आठ राजनीतिक दलों के करीब 14 नेता शामिल हुए हैं। इनमें से ज्यादातर नेता वे हैं, जिन्हें अनुच्छेद 370 हटाए जाने के दौरान नजरबंद कर दिया गया था। 5 अगस्त, 2019 को जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35–ए हटाए जाने के बाद निस्संदेह यह एक बड़ी सकारात्मक राष्ट्रीय घटना है। बहरहाल, मुद्दे पर आया जाए तो कश्मीरी नेताओं के साथ पीएम मोदी की बैठक इसलिए अहम रही, क्योंकि बैठक में कुछ हद तक पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी महबूबा मुफ्ती को छोड़कर घाटी के अधिकांश नेताओं का 370 एवं 35 ए को बहाल करने से अधिक जोर जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने और चुनाव कराए जाने का रहा, जिसके लिए केन्द्र पहले से ही सहमत था। जम्मू–कश्मीर में परिसीमन का काम पूरा होते ही विधान सभा चुनाव कराए जा सकते हैं। फारूख और उमर अब्दुल्ला की नेशलन कांफ्रेंस हो या फिर महबूबा की पीडीपी ने धारा 370 और 35 ए के पक्ष में इतना ही कहा कि यह लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से और कोर्ट में लड़ी जाती रहेगी। ऐसा कहना इन नेताओं के लिए इस लिए भी जरूरी था क्योंकि अभी तक इनकी पार्टी का वजूद ही धारा 370 एवं 35 ए के इर्दगिर्द घूमता रहता था। महबूबा ने बैठक के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए कश्मीर समस्या सुलझाने के लिए पाकिस्तान से भी बात करने का जुमला जरूर छोड़ा, लेकिन सच्चाई यह भी थी कि जम्मू–कश्मीर से दिल्ली आते–आते पाकिस्तान को लेकर उनके तेवरों में काफी नरमी आ गई थी। जम्मू–कश्मीर को लेकर वहां के नेताओं और पीएम मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह के बीच जो गुफ्तगू हुई उसे आगे भी जारी रखा जाएगा ताकि जम्मू–कश्मीर का नया रोडमैप तय हो जाए। सबसे अच्छी बात यह है कि कश्मीरी नेताओं को नई दिल्ली में बैठी केंद्र सरकार पर पूरा भरोसा है तभी यह महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हो पाई। लब्बोलुआब यह है कि जम्मू–कश्मीर की संवैधानिक स्थिति को बदले करीब दो साल हो चुके हैं और इस बीच कोई ऐसी बड़ी घटना नहीं हुई जिससे लगे कि मोदी सरकार के फैसले के चलते देश की अखंडता पर आंच आ सकती है। जब धारा 370 एवं 35 ए को हटाया गया था, तब थोड़े समय के लिए माहौल अफरा–तफरी वाला जरूर रहा था, लेकिन इसके बाद सब कुछ शांति से चलने लगा। खासकर मोदी सरकार ने कांग्रेस जैसे दलों को भी सियासत चमकाने का कोई मौका नहीं दिया। अब तो ऐसा लगने लगा है कि कश्मीर के नेता भी नहीं चाहते हैं कि उनको आतंकवादी देश पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाया जाए, क्योंकि पाकिस्तान पोषित आतंकवाद और कुछ नेताओं के अलगाववाद की राह पर चलने और लोकतंत्र की धारा से अलग रहने का घाटी की जनता को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा है। ऐसे में सब चाहेंगे कि घाटी में राजनीतिक प्रक्रिया फिर शुरू हो। यह बहुत अच्छी बात है कि बैठक में पहले केंद्र सरकार ने एक प्रस्तुति के माध्यम से यह बताने की कोशिश की है कि जम्मू–कश्मीर में कैसे विकास कार्य चल रहे हैं। केंद्र सरकार अगर विकास की पहल से भी घाटी के नेताओं को जोड़ सके, तो अच्छा होगा। राजनीतिक स्तर पर फिर से राज्य का दर्जापाने के लिए तो कश्मीर के नेताओं को केंद्र सरकार के प्रति गंभीरता का प्रदर्शन करना होगा। केंद्र सरकार ने पहले भी संकेत दिए हैं कि उचित समय पर जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटा दिया जाएगा। अगर राज्य का दर्जा लौटाने के आग्रह के साथ घाटी के नेता नई दिल्ली आए हैं, तो उनका स्वागत है, लेकिन अगर उनकी मंशा पड़ोसी मुल्क को भी वार्ता में शामिल करने पर ज्यादा होगी, तो इससे कोई फायदा नहीं होगा। क्योंकि यह बात मोदी सरकार तो क्या कोई भी सियासी दल बर्दाश्त नहीं करेगा कि जम्मू–कश्मीर की समस्या को सुलझाने के लिए पाकिस्तान को भी बातचीत में शामिल किया जाए।

नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने जिलाधिकारी से प्रमाण

(जनप्रिय संवाददाता)

बाँदा। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामकेश निषाद के नेतृत्व में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी बबेरु विधायक चन्द्रपाल कुशवाहा तथा भाजपा पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय जाकर जिलाधिकारी से अध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। उसके बाद सर्वप्रथम संकट मोचन मन्दिर में जाकर माथा टेकर व आर्शीवाद प्राप्त किया तथा जिला पंचायत प्रांगण स्थित अटल पार्क में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कार्यगी सदस्य संतोष गुप्ता कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य स्वेता

एवं लगन से अपने पद का दायित्व निभायेंगे तथा जनपद के विकास के लिये वे पूर्णतयाः प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी बबेरु विधायक चन्द्रपाल कुशवाहा किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुन्द शुक्ला भाजपा के वरिष्ठ नेता जगराम सिंह चौहान राष्ट्रीय कार्य कारणी सदस्य संतोष गुप्ता कॉपरेटिव बैक चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य स्वेता सिंह गौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राज भवन उपाध्याय विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ महिला मोर्चा अध्यक्ष वन्दना गुप्ता, दीपक सिंह गौर विनय श्रीवास युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला दिलीप गुप्ता पूर्व मण्डल अध्यक्ष विसण्डा लखनलाल राजपूत मण्डल अध्यक्ष बडोखर श्याम बाबू पाल मोहित गुप्ता अभिषेक शिवहरे आदि समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

ग्राम पंचायत रूरा सिरसा में सचिव व प्रधान ने विकास के नाम पर करोड़ों का किया घोटाला

(जनप्रिय संवाददाता)

माधौगढ (जालौन)। विकास खंड नदीगाव के ग्राम पंचायत रूरा सिरसा में सचिव रोहित कुमार व प्रधान प्रतिनिधि दीपक सिंह ने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर करोड़ों रुपए का किया घोटाला।जैसा कि मनरेगा योजना में फर्जी जॉब कार्ड बनाकर लाखो रुपए का कराया भुगतान सचिव, प्रधान व रोजगार सेवक ने मिलकर किया बंदर वाट,नाली खडंजा के नाम पर फर्जी कागजों पर निर्माण कार्य दिखाकर सरकारी धन निकाल कर किया बंदर वाट,सामुदायिक शौचालय निर्माण के नाम पर आया सरकारी पैसा पूरा निकाल लिया गया और शौचालय का निर्माण आज भी अधूरा पड़ा और शौचालय के नाम पर आई धन राशि लगभग 6 लाख

निकाल कर किया गया बंदर वांट और शौचालय पड़ा, अधूरा पैसा खात्म और फर्जी जॉब कार्ड बनाकर खातों में धनराशि भेज कर किया गया बंदर वाट। ऐसे भ्रष्ट सचिव व प्रधान व रोजगार सेवक की उच्चस्तरीय जांच होने पर निकल सकता बड़ा गड़बड़ झाला। सवाल यह भी उठता है कि सचिव अपनी मनमानी करता रहता और उच्च अधिकारी चुपी सादे बैठे रहते हैं।ऐसे भ्रष्ट सचिव के खिलाफ जांच की जाए तो गौशाला, आवास, मनरेगा, और विकास कार्यों में लंबे स्तर पर गड़बड़ झाला देखने को मिलेगा। यह इनके एक गांव का मामला नहीं बल्कि सचिव के आने वाले सभी ग्राम पंचायतो में लंबे स्तर पर घोटाला सामने निकल कर आएगा। बंगरा, रूरा सिरसा, कमसेरा, सहित सभी ग्राम पंचायतो में किया गया। जिसकी जिला प्रशासन को उच्च अधिकारियों से जांच करवानी चाहिए।

कांग्रसियों ने कोरोना किट वितरित

(जनप्रिय संवाददाता)

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष रंजना बराती लाल पांडे ने रामनगर ब्लाक केरामपुर नयाय पंचायत कि बैठक रामा कोलमेश्लॉक अध्यक्ष शिव शंकर खगारा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में न्याय पंचायत कमेटी का गठन किया गया बैठक को संबोधित करते हुए रंजना बराती लाल पांडे ने कहा जिस तरह से देश में महंगाई बढ़ गई है किसान नौजवान व्यापारी मजदूर आम जनता परेशान है बीजल पेट्रोल रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं इसे आम जनता बहुत परेशान है किसान आंदोलन कर रहे हैं लेकिन केंद्र और प्रदेश में बैठी सरकारें किसानों की समस्या सुनने को तैयार नहीं आप सभी लोग एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को गांव गांव में मजबूत करने

का काम करें मैं कार्यकर्ता के साथ उनके दुख सुख में खड़ी रहोगी क्षेत्र के विकास के लिए संघर्ष करूंगी प्रियंका गांधी इस संकट के समय में पूरे प्रदेश में आम जनता के लिए संघर्ष कर रही हैं और गरीबों की मदद के लिए दवाई किट का वितरण भी निशुल्क किया जा रहा है बैठक के उपरांत दवाई किट का वितरण भी किया गया रंजना पांडे ने कहा जिस प्रकार से पूरे प्रदेश में बसपा और सपा मिलकर भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष बनवाने में मददगार साबित हो रहे हैं उससे प्रतीत होता है की बसपा और सपा संघर्ष से डर रहे हैं और भाजपा से मिले हुए हैं कांग्रेस पार्टी लगातार सड़क से लेकर सदन तक आम जनता के लिए संघर्ष कर रही है रामपुर न्याय पंचायत के अध्यक्ष राजेश कुमार ने न्याय पंचायत कमेटी का गठन किया जिसमें उपाध्यक्ष पद पर राम सुमेर पाल छेदी लाल श्यामलाल महामंत्री पद पर बबलू केसरवानी सुरेश बर्मा को मनोनीत किया गया बैठक को संबोधित करते हुए बलाक अध्यक्ष शिव शंकर खंगार ने सभी आभार व्यक्त किया और सभी लोगों से आवाहन किया कि रामनगर ब्लाक में गांव गांव में कांग्रेस कमेटी का गठन करने में सयोग प्रदान करें इस मौके पर ग्राम प्रधान कामता प्रसाद बांधी जिला सचिव बिंदन के ऊपर चाकू से हमला बोलकर लहूलुहान कर अधमरा कर दिया हंगामा सुनकर आये पड़ोसियों ने जा रही है, इसके अतिरिक्त ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में मीटिंग कर ग्रामीणों को जागरूक भी किया गया। संस्था के प्रतिनिधि क्रान्ति कुमार त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि निरंतर गिरता जा रहा भूजल स्तर गंभीर चिन्ता का विषय है, यदि जल संचयन नहीं किया गया तो जल संकट खडा हो जायेगा।

अटल भूजल योजना के अंतर्गत जल के संरक्षण हेतु जनसहभागिता आयोजित

(जनप्रिय संवाददाता)

चित्रकूट। अटल भूजल योजना के अंतर्गत संस्था ओम साईं नाथ ह्यूमन हेल्थ एण्ड वेलफेयर सोसायटी द्वारा ब्लाक–मऊ के ग्रामसभा ताडी में जल के संरक्षण हेतु जल के विभिन्न स्त्रोतों का सर्वेक्षण किया जा रहा है जिसके माध्यम से भूगर्भ जल विभाग द्वारा वाटर रिचार्ज तथा जल स्त्रोतों को संरक्षित करने की योजना बनायी

युवक ने मां भाई बहन पर किया चाकू से हमला

(जनप्रिय संवाददाता)

कालपी (जालौन)। कालपी कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला रामचबूतरा तिकोनिया में मंगलवार की सुबह नशे के आदी बिगडेल युवक ने घर के भीतर अपनी मां बाप भाई बहन के ऊपर चाकू से हमला बोलकर हमलावर को दबोच कर चाकू सहित पकड़ लिया। घटना में घर के पांच सदस्य घायल हो गये तथा गंभीर हालत में घायल पिता पुत्र को जिला चिकित्सालय उरई के लिये रिफर कर दिया। घटना के दौरान मुहल्ले में अफरा तफरी देखने को मिली। खबर लिखे जाने तक पुलिस को प्रार्थनापत्र नही मिला था।

दैनिक जनप्रि
बुधवार 30 जून 202

न्यून कैप्सू

एण्टी रोमियो टीम ने
बालिकाओं को जागर

(जनप्रिय संवाददाता)
चित्रकूट। शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम थाना राजापुर द्वारा नदिन रोड़ मझगवां व कस्बा राजापुर में, एण्टी रोमियों टीम बहिलपुरवा द्वारा रेलवे स्टेशन एवं ग्राम किथना में, एंटी रोमियो टीम थाना रैपुरा द्वारा ग्राम देवकली में, एण्टी रोमियों टीम थाना मऊ द्वारा एसबीआई, आर्यावर्त व इण्डियन बैंक में, एण्टी रोमियों टीम थाना मारकुण्डी द्वारा ग्राम अमचुर नेरूआ व कस्बा में,एन्टी रोमियो टीम बरगढ द्वारा ग्राम छितैनी व बरगढ मोड़ मे, एन्टी रोमियो टीम थाना भरतकूप द्वारा ग्राम

पीआरवी ने घ
को अस्पताल प

(जनप्रिय संवाददाता)
चित्रकूट। पीआरवी 2049 थाना मऊ अंतर्गत 28 जून को समय 16: 41 बजे इवेंट संख्या 9508 द्वारा घटनास्थल छिवलाहा थाना मऊ से कॉलर कमलेश शुक्ला (मोबाइल नंबर 9125476269) द्वारा बताया गया कि ट्रक और बाइक के बीच एक्सीडेंट हो गया है। दोनों वाहन मौके पर मौजूद है, 2 लोग गंभीर घायल है। इस सूचना पर पीआरवी तत्काल अस्पताल में स्थल पर पहुंची

नौजवान सभा ने साफ
लेकर एसडीएम को सौं

(जनप्रिय संवाददाता)
चित्रकूट। मई जून की बारिश शुरू होते ही गांव कस्बों में नालियों और सड़कों की सम्मेशा उत्पन्न होने लगी है आज नौजवान भारत सभा के कार्यकर्ताओं ने गांव का निरीक्षण करते हुये बताया कि इटहादेवी पुर ग्रामसभा भैरमपुर और खण्डेवरा में इस समय काफी दिक्कतें बनी हुयी हैं और बारिश शुरू होने से गांव की नालियां

कार्यालय अधिशासी अभि
पत्रांक 209 / लसिं०/ लेखा/ निविदा/ 2
अल्पकालीन ई–टे
महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश क
प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस
के पजीकृत ठेकेदारों० लघु सिंचाई विभाग के ऐ
अनुभव हो एवं उनके विरूद्ध कोई जांच लम्बित
08.07.2021 के अपरान्ह 05.00 बजे तक बुन्देलख
कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्री–
11. 00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई
गठित समिति द्वारा फर्मध्ठेकेदारों एवं उनके
एवं प्री–क्वालीफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये
09.07. 2021 को अपरान्ह 03.00 बजे खोली
में खोली जायेगी। किसी भी प्रकार की तकनी
नहीं होगी। प्रत्येक निविदा 4 लाभार्थियों के
तथा एक समूह 2 लाभार्थियों के बनाकर आमंत्रि
ध्मजमदकमत.नच.दपब.पद पर दिनांक 29.06.
त बैंक ड्राफ्ट, धरोहर धनराशि से सम्बन्धित
प्रमाण पत्र(आई0डी0टी0–1), हैसियत
आई0डी0टी0–3(स्वघोषणा पत्र),100.00 रूपये
प्रपत्र जिसका विवरण निविदा में अंकित है, की
पर ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा
खोले जाने के उपरान्त दो दिवस के अन्दर इस
के प्रपत्रों के मिलान हेतु इनका प्रयोग किया ज
निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसा

आरो संख्या– 165000 दिनांक– 28.0
यह विज्ञापन विभागीय बेवसाईट www.inform
भी उपलब्ध है।

न्यूज कैप्सूल

एण्टी रोमियो टीम ने भ्रमण कर बालिकाओं को जागरूक किया

(जनप्रिय संवाददाता) चित्रकूट। शासन द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम थाना राजापुर द्वारा नदिन रोड मझगवां व कस्बा राजापुर में, एण्टी रोमियों टीम बहिलपुरवा द्वारा रेलवे स्टेशन एवं ग्राम किथना में, एंटी रोमियो टीम थाना रैपुरा द्वारा ग्राम देवकली में, एण्टी रोमियों टीम थाना मऊ द्वारा एसबीआई, आर्यावर्त व इण्डियन बैंक में, एण्टी रोमियों टीम थाना मारकुण्डी द्वारा ग्राम अमचुर नेरूआ व कस्बा में,एन्टी रोमियो टीम बरगढ द्वारा ग्राम छितौनी व बरगढ मोड़ मे, एन्टी रोमियो टीम थाना भरतकूप द्वारा ग्राम दुंगवा मे, भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं को मास्क लगाने हेतु जागरूक किया । सभी से अपील की कोई भी अनावश्यक रूप से अपने घर से बाहर न निकलें घूमें कोरोना वायरस से अपने व अपने परिवार को बचाये। महिला आरक्षियों द्वारा महिलाओं बालिकाओं को वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने थाना के सीयूजी नम्बर के बारें में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया साथ ही मास्क लगाने एवं कोविड के नियमों का पालन करने हेतु बताते हुये कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुक किया गया ।

पीआरवी ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया

(जनप्रिय संवाददाता) चित्रकूट। पीआरवी 2049 थाना मऊ अंतर्गत 28 जून को समय 16: 41 बजे इवेंट संख्या 9508 द्वारा घटनास्थल छिवलाहा थाना मऊ से कॉलर कमलेश शुक्ला (मोबाइल नंबर 9125476269) द्वारा बताया गया कि ट्रक और बाइक के बीच एक्सीडेंट हो गया है। दोनों वाहन मौके पर मौजूद है, 2 लोग गंभीर घायल है। इस सूचना पर पीआरवी तत्काल अल्प समय में घटनास्थल पर पहुंची घटनास्थल पर पहुंच कर पीआरवी कर्मियों को जानकारी हुई कि ट्रक और मोटर साइकिल में एक्सीडेंट हो गया है जिससे मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये है। पीआरवी कर्मियों ने दोनों घायलो मनोज कुमार सिंह व राजेश सिंह निवासीगण हिनौता माफी थाना भरतकूप को पीआरवी वाहन द्वारा बीब अस्पताल मऊ में भर्ती कराया गया है। घायलो के घरवालों को भी सूचना दी गई है।

नौजवान सभा ने साफ सफाई को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

(जनप्रिय संवाददाता) चित्रकूट। मई जून की बारिश शुरू होते ही गांव कस्बों में नालियों और सड़कों की सम्मेशा उत्पन्न होने लगी है आज नौजवान भारत सभा के कार्यकर्ताओं ने गांव का निरीक्षण करते हुये बताया कि इटहादेवी पुर ग्रामसभा भैरमपुर और खण्देवरा में इस समय काफी दिक्कतें बनी हुयी हैं और बारिश शुरू होने से गांव की नालियां और सड़कें पूरी तरह से बर्बाद हो रही हैं । गांव की साफ सफाई नाम मात्र के लिए हो रही है जो नियमित होती भी नही, पद्रह दिन मे कभी एक बार कर दिया जाता है। इसी को देखते हुये आज मऊ तहसील में नौजवान भारत सभा की ओर से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें सुरेश राज प्रकाश दीपू राहुल रामसलोने रवि आदि लोग मौजूद रहे।

जैविक खेती के प्रति किसानों को करें जागरूक - राज्यमंत्री

बैठक में मंत्री ने कहा मोटे अनाज जैसे कोदों, सावां, काकून, एवं तिलहन की बुवाई के लिए प्रोत्साहन दिया जाए

(जनप्रिय संवाददाता) चित्रकूट। राज्यमंत्री कृषि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उत्तर प्रदेश सरकार लाखन सिंह राजपूत ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक करते हुए निर्देशित किया है कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के हित में एफपीओ का गठन प्रत्येक विकासखंड में करना आवश्यक है जिस पर विशेष ध्यान दिया जाए उन्होंने कहा कि विगत वर्ष में सात एफपीओ का गठन किया जा चुका है तथा इस वर्ष का भी गठन के लिए प्रस्ताव नाबार्ड एवं एस एफ सी के द्वारा गठन करके प्राप्त हुआ है जिसकी बैठक करके अनुमोदन की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए राज्य मंत्री द्वारा जैविक खेती, प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर देकर किसानों को जागरूक करते हुए बढ़ावा दिया जाए जिससे मानव एवं मृदा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो किसानों को अनावश्यक रूप से शरीर की आवश्यक पोषक तत्वों के लिए ऊपर से सप्लीमेंट लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी प्राकृतिक एवं जैविक खेती के साथ ही मोटे अनाज जैसे कोदो, सावा, काकून, एवं तिलहन, फसल उत्पादन पर जोर देकर किसानों को प्रेरित कर बुवाई के लिए प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री द्वारा किसानों के हितों के लिए विभिन्न योजनाएं विभाग में चलाई गई है जिनका सत प्रतिशत लाभ विभागीय अधिकारी किसानों को दें यही सरकार की मंशा है। राज्यमंत्री आज प्रातः भगवान कामतानाथ का दर्शन एवं परिक्रमा करके परिक्रमा मार्ग पर भरत मंदिर के पास वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण भी कराया गया। इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया, डॉ रणवीर सिंह चौहान, महामंत्री अश्विनी कुमार अवस्थी सहित अन्य जनप्रतिनिधि

तथा बैठक में उपनिदेशक कृषि टीपी शाही, जिला कृषि अधिकारी बसंत कुमार दुबे, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम हरी राज सिंह, द्वितीय बाल गोविंद यादव, चित्रकूट इकाई हिमांशु पांडेय, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी विमलेश कुमार, डिप्टी रेंजर वन विभाग भोला सिंह,अपर जिला कृषि अधिकारी विकास भारती एवं वरिष्ठ सहायक राजेंद्र सिंह, गुलाब सिंह आदि उपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष हेतु बीजेपी उम्मीदवार अशोक कुमार निर्विरोध चुने गये

(जनप्रिय संवाददाता) चित्रकूट। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्गत अधिसूचना के अनुसार अध्यक्ष जिला पंचायत चित्रकूट के पद पर निर्वाचन की प्रक्रिया में उम्मीदवार को 29 जून 2021 को अपरान्ह 3 बजे तक उम्मीदवारी वापस लेने की समय सीमा के उपरांत विधिवत रूप से विनिदृष्ट केवल एक उम्मीदवार होने के फलस्वरूप निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार पुत्र गोविंद प्रसाद निवासी ग्राम बिहारा तहसील कर्वी जनपद चित्रकूट को

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व अपर जिलाधिकारी जीपी सिंह ने अध्यक्ष जिला पंचायत चित्रकूट के पद पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे।

वैक्सीनेशन बंद होने से जनता परेशान

जालौन। कोरोना के बचाव के लिए कराए जा रहे वेक्सी नेशन आज बंद रहने से दूर दराज से वैक्सीन का टीका लगवाने आए लोग परेशान रहे किसी कारण के चलते आज नगर तथा क्षेत्र में कम व्यक्ति के सेंटर खोले गए जो खुले भी थे उनमें स्वास्थ्य टीम द्वारा कोरोना की दोज कम होने की बात कही जा रही है तो वही एक और सरकार तथा प्रशासन द्वारा कोरोना से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करते हुए कोरोना का टीका लगवाए जाने की अपील कर रहे हैं वही लोगों को जागरूक होकर जब टीकाकरण करवाने आते हैं या ग्रामीण क्षेत्र में बने सेंटर में पहुंचते हैं तो उन्हें एक सीमित स्टाफ दिया

जाता है जो स्वास्थ्य विभाग की 2 3 घंटों में पूरी कर लेती है इसके बाद लोगों को बगैर वैक्सीन के टीका लगवाए ही वापस होना पड़ता है मंगलवार नगर में वैक्सीन की दोज ना होने की बजाएं बताते हुए सेंटर बंद हैं और यहां भी ग्रामीण क्षेत्रों में खुले भी हैं वह कमजोर होने पर कुछ समय तक ही खुले जिसके चलते कोरोना का टीका लगवाने आए दूर दराज के लोगों को बैरंग वापस लौटना पड़ा।

विद्युत चाक हेतु करें आवेदन

उरई। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आरके गौतम ने बताया कि उप्र माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटी कला दूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत माटी कला के कार्य जो प्रजापति समाज के कामगारों हस्त शिल्पियों के द्वारा किये जा रहे हैं। उनके लिये योजनान्तर्गत निःशुल्क विधुत चलित चाक वितरण के आवेदन पत्र 10 जुलाई तक आमंत्रित किये जाते हैं। 40 हस्तशिल्पियों कामगारों को चाक वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। लाभार्थी उपरोक्त तिथि के अन्दर अविलम्ब इस कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

परामर्श केन्द्र ने पारिवारिक रिश्ते को टूटने से बचाया

(जनप्रिय संवाददाता) चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परिवारिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय में स्थापित परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा एक बार फिर पारिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर आपस में सुलह कराते हुये परिवार को टूटने से बचाया। उल्लेखनीय है कि रमा देवी पत्नी दयाशंकर ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया उसके पति दयाशंकर व जेठ हरिशंकर पुत्रगणों ने दहेज की मांग करने, मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिससे आवेदिका 06 माह से अपने मायके मे रह रही थी। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उनि बैजनाथ यादव ने दोनों पक्षों को कार्यालय बुलाया दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनकर, समझाया दोनों पक्षों द्वारा

भविष्य में विवाद न करने एवं आपस में मिलजुल कर रहने हेतु कहा। इस तरह दोनों पक्षों द्वारा आज आपस में सुलह की गयी । सुलह होने पर दोनों पक्षों को आपस में सामन्जस्य बिठाकर सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी।

साइकिल यात्रा का नगर मे आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

(जनप्रिय संवाददाता) जालौन। मिशन 2022 के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा साइकिल यात्रा का नगर मे आगमन पर समाजवादी पार्टी के बस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया तथा इसके बाद उन्हें उरई के लिए जलाना किया गया संत कबीर नगर निवासी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जय तथा आनंद कुमार द्वारा प्रारंभ की गई साइकिल यात्रा के माध्यम से समाजवादी पार्टी की जन कल्याणकारी नीतियों का जनता तक पहुंचाए जाने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार का एक माध्यम बनाया जा सके आगामी विधानसभा के चुनाव की रणनीति तय करने लगे मिशन 2022 की फतेह करने के लिए इस साइकिल यात्रा से लोगों में संडे पहुंचने पहुंचाने में लगे दोनों समाजवादी कार्यकर्ताओं का नगर में आगमन होने पर पूर्व नगर महासचिव इमरान अंसारी ने अपने कार्यकर्ताओं के 7 दोनों समाजवादी सिपाही का गर्मजोशी से स्वागत सत्कार किया उनको फूल माला प्यार ना कर उनका हौसला भी बढ़ाया इसके बाद 2 कार्यकर्ता उरई के लिए रवाना हुए।

62 ग्राम पंचायतों में ज्यादातर तालाब अभी भी खाली

(जनप्रिय संवाददाता) जालौन। ग्रामीण क्षेत्रों में बने तालाब पानी की बूंद बूंद के लिए अभी भी तरसने को मजबूर गांव के तालाब इस समय सफेद हाथी बने स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते इस बार ग्रामीण क्षेत्र में बने तालाब सफेद हाथी साबित हो रहे हैं गांव में बने तालाबों में प्रति वर्ष इस मौसम में नेहरो तथा टयूबवेल के माध्यम से पानी भरा जाता रहा है इसका उद्देश्य गांव में देवीय संकट आने पर गांव को आगजनी से बचाने तथा गांव के पशु पक्षियों को पानी पीने में मददगार होते हैं इसके अलावा गांव के आसपास भी पानी से इस मौसम में आसमान से बारिश में राहत मिलती है तथा गांव का वाटर लेवल भी सही रहता है लेकिन स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते क्षेत्र के 62 ग्राम पंचायतों में एक सैकड़ा से अधिक तालाबों में ज्यादातर तालाब आज भी खाली पड़े हैं खनुआ,सिहारी पडैया, लहचूरा, मकरंदपुरा नैनपुरा,उरगांव, आदि दर्जनों गांव हैं जहां आज भी तालाब पानी की बूंद बूंद को मोहताज हैं तथा सफेद हाथी साबित हो रहे हैं जबकि सरकार द्वारा नहर विभाग के माध्यम से खेराती पानी नहर में छोड़ा जा चुका है इसके बावजूद ब्लॉक क्षेत्र के ज्यादातर तालाब अभी भी सूखे पड़े हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड-ललितपुर

पत्रांक 209 / लसिं० / लेखा / निविदा / 2021–22 दिनांक 19–6 – 2021

अल्पकालीन ई–टेन्डरिंग सूचना 04 / 2021–22

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ब्लास्ट कूप निर्माण हेतु आनलाईन के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस–बिड० फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों० लघु सिंचाई विभाग के ऐसे ठेकेदारों, जिन्हें निर्माण कार्य करने का न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव हो एवं उनके विरूद्ध कोई जांच लम्बित न हो, से दिनांक 29.06.2021 के प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 08.07.2021 के अपरान्ह 05.00 बजे तक बुन्देलखण्ड पैकेज तृतीय चरण अन्तर्गत नवीन ब्लास्ट कुपों के निर्माण कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनॉक 09.07.2021 को पूर्वान्ह 11. 00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा फर्मध्ठेकेदारों एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष ऑन लाइन खोली जायेगी एवं प्री–क्वालीफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस बिड फाइनेन्शियल बिड दिनांक 09.07. 2021 को अपरान्ह 03.00 बजे खोली जायेगी। अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी आने की दशा में विभागध्खण्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रत्येक निविदा 4 लाभार्थियों के कूपों का समूह एक लाट के रूप में 06 समूह चार लाभार्थियों के तथा एक समूह 2 लाभार्थियों के बनाकर आमंत्रित की जा रही है। यह निविदाबिड सूचना वेबसाइट ीजजचरूध्ध्जमदकमत.नच.दपब.पद पर दिनांक 29.06.2021 से 08.07.2021 तक उपलब्ध है। निविदा मूल्य से सम्बन्धित बैंक ड्राफ्ट, धरोहर धनराशि से सम्बन्धित एफ0डी0आर0ध्न0एस0सी0, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र(आई0डी0टी0–1), है सियत प्रमाण पत्र (आई0डी0टी0–2) शासन द्वारा निर्धारित आई0डी0टी0–3(स्वघोषणा पत्र),100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित व अन्य अभिलेख प्रपत्र जिसका विवरण निविदा में अंकित है, की स्कैण्ड प्रति(जो कि पूर्ण रूपेण पठनीय हो) उपरोक्त बेवसाइड पर ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा उक्त सभी वांछित प्रपत्रों के मूल अभिलेखों को निविदा खोले जाने के उपरान्त दो दिवस के अन्दर इस कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा ताकि किसी भी प्रकार के प्रपत्रों के मिलान हेतु इनका प्रयोग किया जा सके।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेक्साइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

आरो संख्या– 165000 दिनांक– 28.06.2021

यह विज्ञापन विभागीय बेवसाईट www.information.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड,
ललितपुर।

नगर में जुआ सट्टा का अवैध कारोबार चरम पर

जालौन। नगर क्षेत्र में जुआ सट्टा का अवैध कारोबार चरम सीमा पर है कई घर तबाह की कगार पर हैं जिसके चलते कई युवा पीढ़ी बर्बाद हो चुके हैं तो वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन मुख दर्शक बनी गणमान्य नागरिकों ने एसपी से जुआ सट्टा के कारोबार को बंद कराने की मांग की है नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जुआ और सट्टा का अवैध कारोबार बड़े स्तर से संचालित हो रहे हैं जिसके चलते युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है तो वही स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती है ग्रामीण क्षेत्रों के गांव खनुआ, सिहारी पडैया मकरंदपुरा, नैनपुरा, उरगांव, आदि गांव में बड़े स्तर पर जुआ संचालन हो रहा है जिससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही इतना ही नहीं तमाम घर तबाह की कगार पर पहुंच गए तो वही नगर में सट्टा का कारोबार भी मोहल्ले मोहल्ले में तथा चारों पर खुलेआम किया जा रहा है स्थानीय प्रशासन जानबूझकर अनजान बना है।

शौचालय बनवाने के नाम पर सचिव ,प्रधान ने लाखों रूपए डकारे

कागजों में शौचालय का निर्माण कार्य पूरा, हकीकत में पड़ा अधूरा

ईटों। जालौन।गांवों में सरकार की ओर से बनवाऐ गये। समुदायक शौचालयों में ग्राम प्रधान और सचिव ने घटिया सामग्री का इस्तेमाल करवा कर कागजों में खानापूर्ति कर दी है। लाखों रूपये की लागत से बनने वाले शौचालयों में स्थिति अत्यन्त खराब हैं। दिवालों में लगे ईंटा उखड़ने लगे हैं।गन्दगी का तो अम्बार लगा हुआ है जब से शौचालय का निर्माण हुआ है। तभी से अभी तक साफ सफाई नही की गई है।ब्लाक माधौगढ क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में बनाऐ गये समुदायिक शौचालय में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने मिलकर बड़े पैमाने पर धांधली की है। पांच से 6 लाख रूपए की लागत से बनने वाले शौचालय में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। 3 नम्बर ईटा और रद्दी क्वालिटी का सीमेंट लगाया गया है। जिससे शौचालय की दिवालों में लगे ईंटा उखड़ने लगे है।। शौचालय में साफ सफाई नही की गई है। कूड़ा का ढेर लगा हुआ है। शौचालय का कार्य जब से बन्द किया गया है। तभी से अभी तक सफाई नही की गई है। कागजों में तो शौचालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। और पैसों का भी भुगतान हो चुका है। लेकिन हकीकत में अभी तक शौचालय आधा अधूरा बना हुआ है। जिसे इस्तेमाल नही किया जा सकता है। शौचालय बनवाने के नाम पर सरकारी धन का दुरपयोग किया गया है। ग्राम प्रधान मोहम्मदी बेगम प्रतिनिधि अबरार खान और सचिव ने मिलजुलकर आपस में सरकारी धन का बन्दर बांट किया है। तभी तो शौचालय जर्जर हालत में आधा अधूरा बना हुआ है। शौचालय के बारे में जानकारी लेने के लिए पंचायत सचिव सचिन से दूरभाष बात करने पर उन्होंने बताया है कि शौचालय निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। और उसमें कोई भी किसी भी प्रकार

की कमी नहीं है। सभी कुछ ठीक है। ग्राम सभा में करवाऐ गये। सभी काम सही है। जबकि गांव के हालात गांव की गलियां कुछ अलग ही बंया कर रही है। रास्तों में जल भराव हो रहा है। जहां से ग्रामीणों को निकलना मुश्किल हो रहा है।ग्राम सचिव और उस समय के पदस्थ ग्राम प्रधान की ख्राऊ कमाऊ नीति के आगे सरकार के विकास की गाड़ी पंचर हो गई है। गांव में विकास कराने के लिए। आये धन को सचिव और ग्राम प्रधान डकार गए। हकीकत में गांव का विकास अधूरा पड़ा हुआ है। और कागजों में पूरा चुका है। सरकार का गांवों की ओर बढ़ा विकास का कदम सचिव और ग्राम प्रधान की भ्रष्ट कार्य शैली की वजह से फिसल गया है। सरकार को गांवों में करवाऐ गये। विकास कार्यों की जांच उच्चधिकारियों से करवाना चाहिए। जिससे भ्रष्टाचार में लिप्त सचिव ग्राम प्रधान आदि अधिकारियों कर्मचारियों पर कार्यवाही हो सके।और भ्रष्टाचार पर कुछ हद अंकुश लग सके। गांव का विकास हो सके। सरकार का गांवों का विकास करवाने का सपना पूरा हो सके।

आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर तपस्या में हैं सर्वश्रेष्ठ -मुनिश्री भावसागर



(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। आचार्य श्रेष्ठ 108 विद्यासागर महाराज के 54 वें मुनिदीक्षा दिवस 30 जून के अवसर पर आचार्य श्रेष्ठ के सुयोग्य शिष्य मुनिश्री भावसागर महाराज ने बताया कि भारत भूमि के प्रखर तपस्वी, चिंतक, कठोर साधक, गौरक्षक, लेखक, महाकवि, राष्ट्र हित चिंतक आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का आज दिनांक के अनुसार 54 वां मुनिदीक्षा दिवस है ।उनका जन्म कर्नाटक के बेलगाव (सदलगा) जिले के ग्राम चिक्कोड़ी में आश्विन शुक्ल पूर्णिमा (शरद पूर्णिमा), दिनाँक 10 अक्टूबर 1946, विक्रम संवत्-2003 को हुआ था। इनका पूर्व का नाम विद्याधर था। इन्हें आचार्य श्रेष्ठ महाकवि ज्ञानसागरजी महाराज का शिष्यत्व पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। आचार्य विद्यासागर में अपने शिष्यों का संवर्धन करने का अभूतपूर्व सामर्थ्य है। उनका बाह्य व्यक्तित्व सरल, सहज, मनोरम है किंतु अंतरंग तपस्या में वे वज्र से कठोर साधक हैं। रात्रि में लकड़ी के पाटे पर विश्राम करते है और ठंड में भी रात्रि में कुछ भी नहीं ओढ़ते है। कन्नड भाषी होते हुए भी विद्यासागर जी ने हिन्दी, संस्कृत, कन्नड़, प्राकृत, बंगला और अंग्रेजी में लेखन किया है।उन्होंने अनेक ग्रंथो का स्वयं ही पद्यानुवाद किया है। उनके द्वारा रचित संसार में सर्वाधिक चर्चित, काव्य प्रतिभा की चरम प्रस्तुति है– 'मूकमाटी' महाकाव्य जिसके ऊपर मूकमाटी मीमांसा (भाग 1, 2 ,3) लगभग 283 हिंदी विद्वानों ने समीक्षाएं लिखी हैं जो भारतीय ज्ञान पीठ से प्रकाशित हो चुकी है इस पर 4 डीलिट, 50 पीएचडी, 8 एमफिल, 2 एमएड तथा 6 एमए आदि हो चुके हैं। मूकमाटी का मराठी, अंग्रेजी, बंगला, कन्नड़, गुजराती, उर्दू , संस्कृत ब्राम्ही लिपि आदि में अनुवाद हुए हैं और हो रहे हैं। राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के करकमलों से रामटेक में 22 सितंबर 2017 को मूकमाटी के उर्दू अनुवाद का विमोचन हुआ था ।पूर्व राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल जी के करकमलों से 14 जून 2012 को राष्ट्रपति भवन में श्द साइलेंट अर्थश् मूक माटी के अंग्रेजी अनुवाद का विमोचन हुआ था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा भोपाल में मूक माटी के 14 अक्टूबर 2016 को भोपाल में गुजराती अनुवाद का विमोचन हुआ था। आचार्य श्री का साहित्य अनेक विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल हो चुका है। अनेक जगह प्रक्रिया चल रही है। जबलपुर अजमेर ट्रेन का नाम दयोदय एक्सप्रेस उनके दीक्षा गुरू समाधिस्थ गुरु ज्ञान सागर महाराज द्वारा रचित कृति के नाम पर हुआ था। भाग्योदय तीर्थ सागर में मानव सेवा एवं शिक्षा फार्मेसी कॉलेज नर्सिंग कॉलेज चल रहे है। बीना बारह, मंडला, भोपाल , कुंडलपुर, खजुराहो, मुम्बई, अशोकनगर, जगदलपुर, डिंडोरी में स्वरोजगार के उद्देश्य से हथकरघा संचालित किए जा रहे हैं। जिसमें अहिंसक पद्धति से वस्त्र बनाए जा रहे हैं और युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है और बीना बारह में शांति धारा दुग्ध योजना चल रही है जिसमें 500 से अधिक गायों का पालन करके दूध, घी आदि शुद्ध वस्तुओं का उत्पादन हो रहा है। जैविक पद्धति से सभी वस्तुओं का उत्पादन होता है आचार्य श्री विद्यासागर शोध संस्थान भोपाल में विभिन्न पदों के लिए शोध संस्थान खोला गया है ।भारतवर्षीय प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर में स्थित है जिसमे हजारों युवाओं ने शिक्षण करके प्रशासन के उच्च पदों को प्राप्त किया है । सुप्रीम कोर्ट से सात जजों की बेंच से ऐतिहासिक गौबध पर प्रतिबंध का फैसला हुआ था बैलों की रक्षा एवं रोजगार हेतु दयोदय जहाज का गंज बासौदा विदिशा में वितरण किया गया था। मध्य प्रदेश में सरकार द्वारा आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना भी चल रही है पूरे देश में लगभग 135 गौशालाओं में लाखों पशुओं का संरक्षण हो रहा है। आचार्यश्री के दर्शन से पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई र्वतमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अनेक मुख्यमंत्री और अनेकों राज्यपाल सुप्रीम कोर्ट के जज, हाई कोर्ट के जज, आयोग अध्यक्ष एवं विशिष्ट पदों वाले व्यक्तियों से चर्चा के दौरान अनेक अच्छे कार्य हुए हैं ।आचार्य श्री के दर्शानार्थ हेतु आये राजनैतिक, चिंतक, विचारक, साहित्यकार, शिक्षाविद, न्यायधीश, धर्माचार्य, डॉक्टर, संपादक, समाज सेवी, उद्योगपति, अधिवक्ता, जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, कुलपति आदि ने मार्गदर्शन प्राप्त किया है। आचार्य श्री ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड आदि में बिहार किया है। उन्होंने नमक, मीठा का सन् 1969 से त्याग किया है। चिटाई का त्याग सन् 1985 से किया है। वनस्पति फल सब्जी का त्याग 1994 से किया है। 9 निर्जल उपवास लगातार किए थे। आचार्य श्री में रूपक कथा काव्य, अध्यात्म, दर्शन व युग चेतना का संगम है। संस्कृति, जन और भूमि की महत्ता को स्थापित करते हुए आचार्यश्री ने इस महाकाव्य के माध्यम से राष्ट्रीय अस्मिता को पुर्नजीवित किया है। उनकी रचनाएँ मात्र कृतियाँ ही नहीं हैं, वे तो अकृत्रिम चौत्यालय हैं। उनके उपदेश, प्रवचन, प्रेरणा और आशीर्वाद से अनेको तीर्थ, मंदिर का निर्माण औषधालय भाग्योदय तीर्थ,पूर्णायु आदि अनेक अस्पताल, प्रतिभास्थली, हथकरघा, त्रिकाल चौबीसी आदि की स्थापना कई स्थानों पर हुई है और अनेक जगहों पर निर्माण जारी है। कितने ही विकलांग शिविरों में कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र, बैसाखियाँ, तीन पहिए की साइकिलें वितरित की गई हैं। शिविरों के माध्यम से आँखा के ऑपरेशन, दवाइयां, चश्मों का निःशुल्क वितरण हुआ है। 'सर्वोदय तीर्थ' अमरकंटक में विकलांग निःशुल्क सहायता केंद्र चल रहा है। जीव व पशु दया की भावना से देश के विभिन्न राज्यों में दयोदय गौशालाएँ स्थापित हुई हैं, जहाँ कत्लखाने जा रहे हजारों पशुओं को लाकर संरक्षण दिया जा रहा है। आचार्य श्री की भावना है कि पशु मांस निर्यात निरोध का जनजागरण अभियान किसी दल, मजहब या समाज तक सीमित न रहे अपितु इसमें सभी राजनीतिक दल, समाज, धर्माचार्य और व्यक्तियों की सामूहिक भागीदारी रहे। 'जिन' उपासना की ओर उन्मुख विद्यासागरजी महाराज तो सांसारिक आडंबरों से विरक्त हैं। जहाँ वे विराजते हैं, वहाँ तथा जहाँ उनके शिष्य होते हैं, वहाँ भी उनका मुनिदीक्षा दिवस उनके समर्थन से नहीं मनाया जाता। तपस्या उनकी जीवन पद्धति, अध्यात्म उनका साध्य, विश्व मंगल उनकी पुनीत कामना तथा सम्यक दृष्टि एवं संयम उनका संदेश है। अपनें वचनामृतों से जनकल्याण में निरत रहते हुए व साधना की उच्चतर सीढ़ियों पर आरोहण करते हुए आचार्यश्री विद्यासागर महाराज समग्र देश में पद–विहार करते हैं। भारत–भूमि का कण–कण तपस्वियों की पदरज से पुनीत हो चुका है। इस युग के तपस्वियों की परंपरा में आचार्यश्री विद्यासागर अग्रगण्य हैं। वीतराग परमात्मा बनने के मार्ग पर चलने वाले इस पथिक का प्रत्येक क्षण जागरूक व आध्यात्मिक आनंद से भरपूर होता है। उनका जीवन विविध आयामी है। उनके विशाल व विराट व्यक्तित्व के अनेक पक्ष हैं तथा सम्पूर्ण भारतवर्ष उनकी कर्मस्थली है। पदयात्राएँ करते हुए उन्होंने अनेक मांगलिक संस्थाओं, विद्या केन्द्रों के लिए प्रेरणा व प्रोत्साहन का संचार किया है। उनके आगमन से त्याग, तपस्या व धर्म का सुगंधित समीर प्रवाहित होने लगता है। लोगों में नई प्रेरणा व नए उल्लास का संचरण हो जाता है। असाधारण व्यक्तित्व, कोमल, मधुर और ओजस्वी वाणी व प्रबल आध्यात्मिक शक्ति के कारण सभी वर्ग के लोग आपकी ओर आकर्षित हो जाते हैं। कठोर तपस्वी, दिगम्बर मुद्रा, अनन्त करुणामय हृदय, निर्मल अनाग्रही दृष्टि, तीक्ष्ण मेधा व स्पष्ट वक्ता के रूप में उनके अनुपम व्यक्तित्व के समक्ष व्यक्ति स्वयं नतशिर हो जाते हैं। अल्पवय में ही इनकी आध्यात्मिक अभिरुचि परिलक्षित होने लगी थी। खेलने की उम्र में भी वीतरागी साधुओं की संगति इन्हें प्रिय थी। मानो मुनि दीक्षा के लिए मनोभूमि तैयार हो रही थी। ज्ञानावरणीय कर्म का प्रबल क्षयोपशम था, संयम के प्रति अंतरूप्रेरणा तीव्र थी। आचार्यश्री की प्रेरणा से उनके परिवार के छः सदस्यों ने भी जैन साधु के योग्य संन्यास ग्रहण किया। उनके माता–पिता के अतिरिक्त दो छोटी बहनों व दो छोटे भाइयों ने भी आर्यिका एवं मुनिदीक्षा धारण की।



आचार्यश्री विद्यासागरजी का बाह्य व्यक्तित्व भी उतना ही मनोरम है, जितना अंतरंग, तपस्या में वे वज्र से कठोर हैं, पर उनके मुक्त हास्य और सौम्य मुख्मुद्रा से कुसुम की कोमलता झलकती है। वे आचार्य कुन्दकुन्द और समन्तभद्र की परम्परा को आगे ले जाने वाले आचार्य हैं तथा यशोलिप्सा से अलिप्त व शोर–शराबे से कोसों दूर रहते हैं। शहरों से दूर तीर्थों में एकान्त स्थलोंपर चातुर्मास करते हैं। खजुराहो में लगभग 2000 विदेशियों ने मांसाहार, शराब आदि का त्याग किया। आयोजन व आडम्बर से दूर रहने के कारण प्रस्थान की दिशा व समय की घोषणा भी नहीं करते हैं। वे अपने दीक्षार्थी शिष्यों को भी पूर्व घोषणा के बिना ही दीक्षा हेतु तैयार करते हैं। हाथी, घोड़े, पालकी व बैण्ड–बाजों की चकाचौंध से अलग सादे समारोह में दीक्षा का आयोजन करते हैं। इस युग में ऐसे संतों के दर्शन अलभ्य–लाभ है। आचार्यश्री जैसे तपोनिष्ठ व दृढ़संयमी हैं, वैसी ही उनकी शिष्यमण्डली भी है। धर्म के पथ पर उग आई दूब को उखाड़ फेंकने में यह शिष्य–मंडली अवश्य समर्थ होगी। केवल कथनी में धर्मामृत की वर्षा करने वालों की भीड़ के कारण धर्म के क्षेत्र में दुःस्थिति बनी हुई है। आचार्यश्री विद्यासागर जैसे संत इस दुःस्थिति में आशा की किरण जगाते हैं। वह अपने बाल भी प्रत्येक 2 माह में अपने हाथों से निकालते है एवं 24 घंटे में एक बार भोजन एवं जल ग्रहण करते है ।योगी, साधक, चिन्तक, आचार्य, दार्शनिक आदि विविध रूपों में उनका एक रूप कवि भी है। उनकी जन्मजात काव्य प्रतिभा में निखार संभवतः उनके गुरुवर ज्ञानसागर की प्रेरणा से आया है। उनका संस्कृत पर वर्चस्व है ही, शिक्षा कन्नड भाषा में होते हुए भी उनका हिन्दी पर असाधारण अधिकार है। उन्होंने हिंदी भाषा अभियान के लिए अपना समर्थन दिया है हिंदी भाषा, मातृभाषा को हम भूले नही और इंडिया नहीं भारत बोले इसके लिए भी उन्हों ने मार्गदर्शन व प्रेरणा दी है। उनके द्वारा रचित महाकाव्यों में अनेक सूक्तियाँ भरी पड़ी हैं, जिनमें आधुनिक समस्याओं की व्याख्या तथा समाधान भी है, जीवन के सन्दर्भों में मर्मस्पर्शी वक्तव्य भी हैं। सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक क्षेत्रों में व्याप्त कुरीतियों का निदर्शन भी है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज वीतराग, निस्पृह, करुणापूरित, परीषहजयी समदृष्टि–साधु के आदर्श मार्ग के लिए परम–आदर्श हैं। आपकी भावना जन जन के कल्याण की रहती है। ऐसे दुर्लभ संत का समागम सभी प्राप्त हो उनके द्वारा दीक्षित शिष्य भी दर्शन के लिए लालायित रहते है।

चिकित्सालयों को वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा लिया जायेगा गोद, व्यवस्थायें परखीं

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन चूना ने बताया वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारियों द्वारा समस्त प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों द्वारा गोद लिया जा रहा है जिससे कि इनकी व्यवस्थाओं में और सुधार लाया जा सके ।और चिकित्सक स्टाफ व कार्यकर्ता आपसी सम्बाद स्थापित कर चिकित्सा के स्वरुप को जिले में और विकसित करने हेतु सरकार से मांग कर सकें । इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी जिला ललितपुर की शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंद नगर को क्षेत्रीय चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर दीपक चौबे ने गोद लिया है और आज उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंद नगर का निरीक्षण किया और लोगों से संवाद कर उनकी राय जानी व कमियों को दूर करने के लिए वहां उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित भी किया। क्षेत्रीय चिकित्सा प्रकोष्ठ दीपक चौबे ने दोनों संस्था में सुधार हेतु पीने के पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था किए जाने तथा मेडिसन के लिए भी की व्यवस्था किए जाने के निर्देश भी दिए उन्होंने कहा कि कोविड–19 के कारण स्टाफ की कुछ कमी हो रही है लेकिन फिर भी यहां स्वच्छता और व्यवस्था संतोषजनक पाई गई ।नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि चिकित्सकों और चिकित्सा संस्थानों के साथ आम जनहःजुड़ कर जनसहभागिता करे तो मरीजों को और ज्यादा सुविधाजनक महसूस होगा । उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे सेवा भाव से सहयोग करने का प्रयास करें ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन चूना,डा दीपक चौबे , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, सीएससी प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार श्रीमती दिलासा पाल श्रीमती बबली राजा श्रीमती रजनी निरंजन धन प्रसाद भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल डॉक्टर तेजस श्रीवास्तव दीपक पाराशर , गब्बर सिंह अहिरवार,विक्रांत रावत ,अमन द्विवेदी व भारतीय जनता पार्टी के जिला सह मीडिया प्रभारी ध्रुव राजा उपस्थित रहे।

रावर स्कूल में किया गया वृक्षारोपण

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर ललितपुर सेक्टर सेक्टर महावीरपुरा में रावर स्कूल में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रॉवर स्कूल में नए वृक्ष लगाए गये। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा व जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन चूना रहे। इस वृक्षारोपण में कार्यक्रम जिला संयोजक धर्मेंद्र गोस्वामी ने कहा कि आज हम सबको एक एक पेड़ लगाना आवश्यक है जिससे हमारी प्रकृति पर्यावरण बना रहे और सुझाव दिया कि हमें ललितपुर में चल रही एनजीओ से संपर्क कर वृक्ष लगाना सभी से सहयोग प्रदान करें, प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष मनीष

अग्रवाल, कार्यक्रम नगर संयोजक मज्जू सोनी, नीरज जैन, राहुल, नगर उपाध्यक्ष दीपक सिंघई, राजीव हुण्डैत, भगत सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी ध्रुव, चिकित्सा प्रकोष्ठ से डा. दीपक चौबे, चंद्रशेखर दुबे, नगर महामंत्री दीपक पाराशर,नगर मंत्री अभिषेक सोनी, दीपक वैद्य, आशीष हुण्डैत, अजय जैन साइकिल, गब्बर अहिरवार, रामकोटी, संतोष रजक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व नपाध्यक्ष की जयंती पर संगोष्ठी आज

ललितपुर। राष्ट्रीय जन चेतना मंच के संयोजक स्व. राजेन्द्र रजक के गुरू नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष डा. शादीलाल दुबे के 108 वें जन्मदिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी घण्टाघर स्थित राष्ट्रीय जन चेतना मंच कार्यालय पर 30 जून 2021 को सुबह 11.00 बजे से प्रारम्भ होगी। विचार गोष्ठी में सभी बुद्धिजीवी, प्रबुद्ध वर्ग आमंत्रित है। कोरोना गाइड लाइन के तहत गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। सभी से अनुरोध है कि समय से उपस्थित होकर गोष्ठी को सफल बनायें। यह जानकारी पत्रकार रविशंकर सेन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

जैविक सब्जी उत्पादन पर प्रशिक्षण दिया

ललितपुर। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वार ग्राम महेशपुरा में जैविक विधि से सब्जी उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्र की वैज्ञानिक डा. अर्चना दीक्षित ने महिला कृषकों को जैविक सब्जी उतदन के तीन पडावों की जानकारी देते हुए जैविक परिवर्तन, जैविक कृषि प्रबंधन एवं प्रमाणीकरण का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि जैविक खेती वह पद्धति हैं जिसमें रासायनिक उत्पादों जैसे रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक, फफूंदीनाशी, कवकनाशी, खरपतवारनाशी, वृद्धिनियामक इत्यादि का प्रयोग न करके जैविक पदार्थ जैसे जैविक खाद, गौबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप कम्पोस्ट, हरी खाद, जैव उर्वरक (राइजोबियम, एजोटोबैक्टर, एजोस्पिरिलम, पी.एस.बी) का प्रयोग किया जाता है। ग्रीष्मकालीन जोताई के पश्चात जैविक खेती के लिए 250 कु./हे. सड़ी गोबर की

खाद मिलाना आवश्यक है। सब्जी उत्पादन में फफूंदीनाशी के लिए ट्राइकोडर्मा, ब्यूवेरीया बेसीयाना, वार्टिसिलियम लीकानी एवं कीटों के प्रबंधन हेतु फेरोमॉन ट्रैप, पीला चिपचिपा जाल, नीम अर्क आदि उपयोगी है। मृदा उर्वरता बनाए रखने के लिए फसल चक्र, बहुफसली प्रणाली, जैविक खाद का प्रयोग करना अनिवार्य है। जैविक खेती से भूमि की गुणवत्ता के साथ फसलों का स्वद, पौष्टिकता अच्छी रहती है। कृषक अपने उत्पाद का अधिक मूल्य प्राप्त कर सकते है एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में अपना सहयोग भी प्रदान करेंगे। इस प्रशिक्षण में केन्द्र की वैज्ञानिक डा.सरिता देवी सहित 15 कृषक महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यालय ग्राम पंचायत करमरा विकास खण्ड बिरधा (ललितपुर)

पत्रांक मेमो/टेण्डर/चौ0/ग0रा0वि0आ0/2020–21 दिनांक 28.06.2021

अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड बिरधा में मनरेगा एवं अन्य कार्यदायी विभागों में पंजीकृत समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **करमरा** विकास खण्ड बिरधा के निम्नलिखित निर्माण कार्य की सामग्री आपूर्ति हेतु निविदायें 09.07.2021 को अपरान्ह 03:00 बजे आमंत्रित की जाती है जो उसी दिवस अपरान्ह 03:30 बजे समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस दिनांक 08.07.2021 को अपरान्ह 05:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत ब्याने की धनराशि ग्राम पंचायत **करमरा** के नाम से बंधक कराकर संलग्न करनी होगी किसी भी निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी। उपयुक्त निविदा सूचना ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना बोर्ड पर उपलब्ध रहेंगीं। अन्य शर्तें कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0) में	2 प्रतिशत धरोहर राशि	निविदा मूल्य + जीएसटी	कार्य अवधि	योजना
1	2	3	4	5	6	7
1	ग्राम झरकौन में पंचायत भवन मरम्मत एवं पुताई कार्य।	1.45	2980	175	2 माह	केन्द्रीय/रा0वि0आ0
2	ग्राम झरकौन में पानी की टंकी से कन्हैयालाल के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	3.75	7500	256	3 माह	केन्द्रीय/रा0वि0आ0
3	ग्राम झरकौन में पंचायत भवन से दिगराज के मकान तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य।	3.75	7500	256	3 माह	केन्द्रीय/रा0वि0आ0

प्रधान सचिव
ग्राम पंचायत करमरा, विकास खण्ड बिरधा

कार्यालय ग्राम पंचायत सिलगन, विकास खण्ड जखौरा

पत्रांक मेमो/टेण्डर/केन्द्रीय/रा0वि0आ0/मनरेगा/2020–21 दिनांक 28.06.2021

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत निर्माण कार्य के ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **सिलगन** विकास खण्ड जखौरा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदायें 06.07.2021 को अपरान्ह 03:00 बजे आमंत्रित की जाती है जो उसी दिवस अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र किसी भी प्रकार के कार्यदिवस में दिनांक 05.07.2021 को 04.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा करके ग्राम पंचायत **सिलगन** कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत ब्याने की धन राशि ग्राम पंचायत **सिलगन** के नाम से बंधक कराकर संलग्न करनी होगी किसी भी निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित है सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी। उपयुक्त निविदा सूचना ग्राम पंचायत के सूचना बोर्ड के साथ खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय जखौरा के सूचना बोर्ड पर उपलब्ध रहेंगीं। अन्य शर्तें कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है। सामग्री की मात्रा घट–बढ़ सकती है।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0) में	2 प्रतिशत धरोहर राशि	निविदा मूल्य+ GST	कार्य अवधि	योजना
1	2	3	4	5	6	7
1	नाली निर्माण कार्य सकूर खां के घर से पुलिया तक।	4.63	9260	–	2 माह	15वां वित्त आयोग

प्रधान सचिव
ग्राम पंचायत सिलगन , वि.ख. जखौरा

कार्यालय ग्राम पंचायत पंचमपुर विकास खण्ड जखौरा

पत्रांक मेमो/टेण्डर/केन्द्रीय/रा0वि0आ0/मनरेगा/2020–21 दिनांक 28.06.2021

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत निर्माण कार्य के ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **पंचमपुर** विकास खण्ड जखौरा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदायें 05.07.2021 को अपरान्ह 03:00 बजे आमंत्रित की जाती है जो उसी दिवस अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र किसी भी प्रकार के कार्यदिवस में दिनांक 04.07.2021 को 04.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा करके ग्राम पंचायत **पंचमपुर** कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत ब्याने की धन राशि ग्राम पंचायत **पंचमपुर** के नाम से बंधक कराकर संलग्न करनी होगी किसी भी निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित है सशर्त निविदायें मान्य नहीं होगी। उपयुक्त निविदा सूचना ग्राम पंचायत के सूचना बोर्ड के साथ खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय जखौरा के सूचना बोर्ड पर उपलब्ध रहेंगीं। अन्य शर्तें कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है। सामग्री की मात्रा घट–बढ़ सकती है।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0) में	2 प्रतिशत धरोहर राशि	निविदा मूल्य+ GST	कार्य अवधि	योजना
1	2	3	4	5	6	7
1	प्रा0वि0 पंचमपुर में कायाकल्प कार्य। (कक्षा कक्ष में टाईल्स कार्य)	1.98	3960	–	1 माह	राज्य वित्त आयोग
2	पेयजल कूप जीर्णोद्धार (होली वाला कूप)	1.53	3060	–	1 माह	15वां वित्त आयोग

प्रधान सचिव
ग्राम पंचायत पंचमपुर, वि.ख. जखौरा

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। आगामी 01 जुलाई से 31 जुलाई 2021 तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी अन्नाविद दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक एवं कोविड–19 कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका सही उपचार है। उन्होंने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (12 जुलाई, 2021 से 25 जुल द्वितीय च 75 जनप 2020 में गतिविधि कार्ययोज की जाएँ आयोजित बताया कि संचालन माइक्रो उपलब्ध ब्लॉक स आशा, ए कार्यकत्रि जुलाई से कराया ज विकास उ कि अभि ग्रामीण अ

बुन्देलखण्ड क्रांति दल

(जनप्रिय संवाददाता)

ललितपुर। बुन्देलखण्ड क्रांति दल की एक बैठक जिला कार्यालय स्थित देवगढ़ रोड पर हुई। बैठक में बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के जिलाध्यक्ष ताहर सिंह परमार ने कहा है कि आगामी एक जुलाई को एक ज्ञा जिलाधिकारी के माध्यम माननीय प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा कि बुन्देलखण्ड राजय जो महाराजा क्षत्रसाल के समय मे था जिसकी राजधानी वही राज चाहिए ज झांसी या ओ रक्षा बुन्देलख कारण य रोजगार पर खनि हीरा प कीमती ध जाता है

अपना दल के कार्यकत

ललितपुर। अपना दल की आगामी विधानसभा चुनाव एवं 2 जुलाई को यशकायी डा0 सानेलाल पटेल की जयन्ती की तैयारी के लिये बैठक आहूत की गयी। जिसमें मण्डल उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि 2 जुलाई झांसी जनपद में अपना दल के युवा प्रदेश अध्यक्ष गगन प्रकाश यादव के आगमन पर जनपद से अधिक से अधिक संख्या मे किया। स ने कहा कि सरकार स महंगाई, पर है। अ दमनकारी एक विक है। बैठक ने की।

छोटे जिलों में भी कोरो ने ग्यारह जिलों को

ललितपुर। प्रदेश में कोरोना को तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए या सरकार ने छोटे जिलों में भी जांच के लिये नई प्रयोगशालाओं की सौगात दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 11 नए जनपदों में बीएसएल–2 लैब को शुरू करने के निर्देश दे दिये हैं। अब औरया, महोबा बुलंदशहर, अमेठी, सिद्धार्थनगर, देवरिया, बिजनौर, कासगंज, मऊ, कुशीनगर और सोनभद्र में आरटीपीसीआर की जांच हो सकेगी। प्रदेश में इन नई प्रयोगशाल 45 जनपद वहींतीन

कार्यालय नगर पं

पत्रांक मेमो/न0प0 पाली/टेण्डर/2021–

ई-नि

अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचा विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अ सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की के लिये निविदा दे सकता है।

1. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपल
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति 02.00 बजे तक। 3. ई–निविदा के माध्यम अपरान्ह 03.00 बजे। 4. निविदा आमंत्रणकर पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी ज निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिये कृपया वैब सा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अध्यक्ष
नगर पंचायत पाली

अवैध खनन पर पुलिस का सख्त पहरा

तालबेहट। पुलिस कप्तान प्रमोद कुमार के सख्त निर्देश के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध खनन में लिप्त वाहनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही। जिसमें पुलिस व खनन निरीक्षक ने दो दिनों में दो टेक्टर ट्राली व एक ट्रक को जब्त किया गया। जिससे खननकर्ताओं में हडकंप मच गया। सी.ओ केशवनाथ व प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के निर्देशन में पुलिस टीम व खनन निरीक्षक द्वारा क्षेत्र के अवैध खनन के ठिकानों व खनन में लिप्त वाहनों के खिलाफ कार्रवाही की गई। जिसमें कस्बा इंचार्ज बीन्द्र सिंह ने पूराकलांतिराहे से बिना नंबर का सोनालिका टेक्टर ट्राली जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में खडा कर दिया। इसके अलावा प्रभारी निरीक्षक ने गणेशपुरा मार्ग से एक बालू से भरी टेक्टर ट्राली जब्त की।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान प्रभावी तरीके से चलाया जाये -डीएम

(जनप्रिय संवाददाता)
ललितपुर। आगामी 01 जुलाई से 31 जुलाई 2021 तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी अन्नाधि दिनेशकुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक एवं कोविड–19 कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका सही उपचार है। उन्होंने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान (12 जुलाई, 2021 से 25 जुलाई, 2021 तक) का द्वितीय चरण प्रदेश के समस्त 75 जनपदों में चलाते हुए वर्ष 2020 में संचालित की गयी सभी गतिविधियाँ पुनः विस्तृत कार्ययोजना बनाकर संचालित की जाएँगी। आज इस अभियान की द्वितीय अंतर विभागीय बैठक आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान के संचालन हेतु ब्लॉक स्तरीय माइक्रो प्लान 30 जून तक उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही ब्लॉक स्तर चिकित्सालय पर आशा, एएनएम एवं आंगनवाडी कार्यकत्रियों का संवेदीकरण 1 जुलाई से 8 जुलाई के मध्य पूर्ण कराया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान की सफलता हेतु ग्रामीण क्षेत्रों पर विषेश ध्यान दिया जाए, साथ ही यहां पर किसी भी हालत में जलभराव की स्थिति न होने दें। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। चिकनगुनिया एवं डेंगू जैसे रोगों से बचाव के निर्देषों की वॉल पेंटिंग भी कराई जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस अभियान में अध्यापकों, आशा, एएनएम एवं आगंनबाडी कार्यकत्रियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी आपसी तालमेल के साथ कार्य कर अभियान को सफल बनायें। अभियान के सम्बंध में अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराया जाये, लोगों को संचारी रोगों के दुष्प्रभावों एवं उनसे बचने के उपाय बतायें जायें। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई की निगरानी करें तथा सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की कटाई सुनिष्चित करायें। सभी हैण्डपम्प चालू हालत में हों, खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत कर ली जाये तथा हैण्डपम्प के आस–पास जलभराव नहीं होना चाहिए। सड़कों पर सुअरों तथा अन्य पशुओं के विचरण पर रोक लगाई जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि स्कूली बच्चों को सुरक्षित पीने का पानी, शौचालयों के प्रयोग, साबुन से हाथ धोने जैसी अच्छी आदतों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किये जायें। इसके अलावा कृषि विभाग यह सुनिश्चित करे कि वह किसानों को चूहे के नियंत्रण तथा सिंचाई के वैकल्पिक उपायों का व्यापक प्रचार–प्रसार करे। उद्यान विभाग सार्वजनिक पार्कों तथा विद्यालयों में मच्छरों को भगाने वाले पौधों का रोपण करायें। उन्होंने कहा कि उपरोक्त सभी कार्यों में कोई भी शिथिलता नहीं बरती जाये तथा सभी विभाग स्वयं अपनी गतिविधियों की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अनिल कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रजनीश राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 हरेन्द्र सिंह चौहान, जिला क्षयरोग नियंत्रण अधिकारी डा0जे0 एस0 बक्शी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0राजेष भारती, जिला कार्यक्रम अधिकारी पुष्पा वर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार, अधि0 अधिकारी नगर पालिका निहालचन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रामशंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार सविता सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संचारी रोग से बचने के सुझाये उपाय, जलभराव न होने दें

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया है कि 1 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत डेंगू तथा अन्य संचारी रोगों की रोकथाम, बचाव एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु वेक्टर जनित संचारी रोगों जैसे डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया, फाईलेरिया, कालाजार आदि के नियंत्रण के लिए मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिये नालियो में जल भराव न होने देने एवं कुलरो का पानी बदलते रहने, फ्रीज के पीछे ट्रे में भरे पानी को निकालने आदि उपाय अपनाने से पानी में डेंगू के लार्वा को फैलने से रोका जा सकता है। डेंगू का मच्छर साफ एवं स्थिर पानी में अण्डे देने के साथ ही दिन मे काटता है। इसके साथ ही अपने घरो में तथा घरो के आस–पास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे, नालियों में पानी एक जगह इकठ्ठा न होने दे तथा मच्छरों से उचित बचाव करें, एवं शौचालयो का प्रयोग करने से मच्छरो एवं मक्खियों द्वारा फैलने वाली बीमारियों का प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। कार्यवाही हेतु कृषि विभाग के उत्तरदायित्वों में किसानों को अपने गाँव के आवासीय क्षेत्र में अनावश्यक जल भराव न होने देने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुँचानें वाले कृंतकों (चूहों) जो कि घरों में एवं खेतो पर झाडियों में छिपे रहते है का प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है। फसलों को नुकसान पहुँचानें वाले कृंतको में मुख्य रूप से चूहों का नियंत्रण किया जाता है। चूहों के द्वारा फसलों को लगभग 6–7 प्रतिशत तक नुकसान होता है। चूहों से मनुष्यों में स्क्रब टाइफस बीमारी (जीवाणु रिक्टीसिया सुसुगामुशी), लेप्टो स्पायरोसिस बीमारी (लेप्टोस्पिरा जीनस), प्लेग (यूरेसीनिया पैस्टिस) आदि प्रकार की बीमारिया होती है। ये बीमारियाँ चूहों पर पाये जाने वाले पिस्सू के काटने से फैलती है। चूहों के बिलो, घासो एवं झाँडियों में छिपने से बीमारियां फैलती है। कृषकों को अपने खेत पर या किसी अन्य जगह खुले पैर घास पर चलने के कारण चूहो से सम्पर्क में आने पर स्क्रब टाइफस बीमारी हो सकती है। अतः कृषक भाई खेत पर काम करते समय जुते अवश्य पहने। रसायनिक रूप से चूहों के नियंत्रण के लिए जिंक फास्फाइड की 10 ग्राम मात्रा को 250–300 ग्राम दलिया में मिलाकर या 500 ग्राम आटे में मिलाकर आटे की गोलियाँ बनाकर खेत में चूहों के बिलों के पास रख दें। इन गोलियों को खाने से निश्चित रूप से चूहे मर जायेंगे। इसके अलावा यॉत्रिक रूप सें चूहों के नियंत्रण के लिए चूहों को पकडने के लिए पिंजरे का प्रयोग भी किया जा सकता हैं। इसके अलावा चूहो को पकडने के लिये स्ट्रीकी ग्लूम का प्रयोग भी किया जा सकता है। चूहो के अलावा अन्ना पशु, बन्दर, गिलहरी, पक्षी आदि कृंतक भी फसलों को नुकसान पहुँचाते है। अतः कृषकों को सलाह दी जाती है कि उपरोक्त कृंतको को भी नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय करे, जिससे फसलों को नुकसान न पहुँचें।

बुन्देलखण्ड क्रांति दल एक जुलाई को सौंपेगा ज्ञापन

(जनप्रिय संवाददाता)
ललितपुर। बुन्देलखण्ड क्रांति दल की एक बैठक जिला कार्यलय स्थित देवगढ़ रोड पर हुई। बैठक में बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के जिलाध्यक्ष ताहर सिंह परमार ने कहा है कि आगामी एक जुलाई को एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा कि बुन्देलखण्ड राजय जो महाराजा क्षत्रसाल के समय मे था जिसकी राजधानी नौगांव हुआ करती थी। वही राज्य अब हमको बषिस चाहिए जो कि जिसकी राजधानी झांसी या फिर रामराजा सरकार ओरछा में बने। जिससे बुन्देलखण्ड अति पिछडा क्षेत्र होने कारण यहाँ का पलायन रुकेगा रोजगार बिजली शिक्षा एवं यहाँ पर खनिज के साथ साथ अनेक हीरा पन्ना सोने जैसी बेस कीमती धातुओं का होना बताया जाता है तथा अगर बुन्देलखण्ड की राज्यधानी प्रयाग राज्य नही होना चाहिए जहा पर भाषा बुन्देलखण्डी बोली जायी हो तो हमे हमारा बुन्देलखण्ड राज्य बनाकर हम बुन्देलखण्ड वासियो को यह सौगात होगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष ताहर सिंह परमार, उमाकांत श्रीवास्तव, सुन्दर बाबू, रामस्वरूप झा, सन्तोष कुशवाहा, जीतू झा, डा.नितेन्द करौसिया, दुर्गेश कुमार, पुष्पेन्द्र जोशी, अन्नू आदि लोग उपस्थित रहे।

खिरिया छतारा रोजगार सेवक के पक्ष में आये ग्रामीण, पूरे प्रकरण की फिर से जांच की मांग

(जनप्रिय संवाददाता)
ललितपुर। वित्तीय अनियमित्ताओं व भ्रष्टाचार के आरोप में बीते दिनों जिला प्रशासन ने ककरते हुये ग्राम पंचायत खिरिया छतारा में कार्यरत रोजगार सेवक संग्राम सिंह बुन्देला की सेवायें समाप्त कर दी गयी हैं। इस मामले को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजते हुये मामले में की गयी शिकायतों को निराधार बताया। ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि रोजगार सेवक खिरिया छतारा के खिलाफ जो शिकायतें की गयी हैं एवं जांच कमेटी के क्रम में जो एफआईआर करायी गयी है, जो कि निराधार है। ग्रामीणों ने उक्त मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच फिर से कराये जाने की मांग उठाते हुये मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार किये जाने की मांग उठायी। ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायतों में नवीन प्रधानों के आने पर ग्राम पंचायत में विपक्ष द्वारा निरंतर झूठी शिकायतें की

जा रही हैं, जिससे ग्राम पंचायत में रोजगार सेवक शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि शिकायत में जो आंगनबाड़ी और यात्री प्रतिक्षालय के जो कब्जे की बात आ रही है। वह भूमि ग्राम सभा की नहीं बल्कि भूमधर जमीन पर बनी है। जिसका भूमि संख्या 587 पर एडवर्ड, बाल्टर, रोविन्स पुत्र प्रेमचद्र के नाम भू–अभिलेखों में दर्ज है, जिसका बैनामा उक्त खातेदार राजकुमारी पत्नी लाखन सिंह, सट्टू पुत्र दलीप साहू के नाम 09 अक्टूबर 1995 में किया गया था, जबकि ये सरकारी भवन ग्राम सभा की खाली भूमि पर बनना चाहिए था। जिस भवन के कब्जे पर संग्राम सिंह का कोई लेना देना नहीं है। ऐसी स्थिति में रोजगार सेवक के खिलाफ की गयी शिकायतों की फिर से जांच करायी जाने और रोजगार सेवक की सेवाओं को फिर से बहाल किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय पूर्व जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह, जयहिन्द सिंह, सुखलाल सिंह, सुनील कुमार, देवेन्द्र कुमार, लाखान सिंह, नरेन्द्र सिंह, सुखसाहब, अंसार अहमद, सुनील कुमार, अखिलेश, मुकुन्द सिंह, अमित पाठक, अखिलेन्द्र नायक, अखिलेश कुमार, निहाल सिंह, जयराम, दिनेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह यादव, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, वीरन कुमार, कल्यान सिंह, कृष्णपाल सिंह, हरनारायण, विवेक प्रताप, लक्ष्मन चौधरी, संतोष कुमार, जयराम, विनोद कुमार, परशुराम तिवारी, पूरनलाल, तुलसीराम, लखनलाल कुशवाहा, जगदीश सिंह, रामलाल, दीपचंद्र, जगदीशलाल, सतेन्द्र सिंह, खुदा बख्श खान, सुन्दर लाल, हरी शंकर, किशनलाल, अच्छेलाल के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

अपना दल के कार्यकर्ता दो जुलाई को झांसी जायेंगें

ललितपुर। अपना दल की आगामी विधानसभा चुनाव एवं 2 जुलाई को यशकायी डा0 सानेलाल पटैल की जयन्ती की तैयारी के लिये बैठक आहूत की गयी। जिसमें मण्डल उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि 2 जुलाई झांसी जनपद में अपना दल के युवा प्रदेश अध्यक्ष गगन प्रकाश यादव के आगमन पर जनपद से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन किया। सभा को संबोधित करते हुये जिलाध्यक्ष रामस्वरूप पटेल ने कहा कि वर्तमान प्रदेश एवं केंद्र सरकार सभी मोर्चो पर विफल है। महंगाई, बेरोजगारी, चरम सीमा पर है। अपना दल लोगों को इस दमनकारी सरकारों के खिलाफ एक विकल्प के रूप में उभर रहा है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ने की। बैठक में राजपाल सिंह, विमला राय, बृजेश अहिरवार, नगर अध्यक्ष सुजान पटेल, जिला महासचिव देवेन्द्र पटेल, युवा जिलाध्यक्ष इमरान, अध्यक्ष बार पुरुषोत्तम प्रजापति, पुरुषोत्तम पटेल, महेंद्र पटेल, शंकर यादव गदयाना, अनिल कुमार, देव पटेल, राजकुमार पटेल, बृजभान पटेल, जितेंद्र सिंह, रोहित सिंह पटेल, आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वर्णकार युवा क्रांति मंच ने चतुर्थ स्थापना दिवस मनाया

ललितपुर। स्वर्णकार युवा क्रांति मंच के चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत सोनी उनकी टीम द्वारा ग्राम पनारी सहरिया बस्ती में जरूरतमंदों को भोजन पैकेट मिष्ठान एवं मास्क का वितरण किया गया। इस मौके पर स्वर्णकार युवा क्रांति मंच के जिलाध्यक्ष कृष्णकांत सोनी ने कहा कि विगत 4 वर्षों स्वर्णकार युवा क्रांति मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय कुमार स्वर्णकार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में स्वर्णकार समाज के हित में कई सामाजिक कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही गरीबों और जरूरतमंदो के लिए भी स्वर्णकार युवा क्रांति मंच समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कार्य करती रहती हैं। अगर आगे भी स्वर्णकार युवा क्रांति मंच समाज के हित में निरंतर कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर भरत सोनी, मथुरा प्रसाद सोनी, महेश सोनी, मनीष कुमार सोनी आदि उपस्थित रहे।

छोटे जिलों में भी कोरोना की जांच, योगी सरकार ने ग्यारह जिलों को दी प्रयोगशाला की सौगात

ललितपुर। प्रदेश में कोरोना को तीसरी लहर की संभावनाओं को देखते हुए या सरकार ने छोटे जिलों में भी जांच के लिये नई प्रयोगशालाओं की सौगात दी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने 11 नए जनपदों में बीएसएल–2 लैब को शुरू करने के निर्देश दे दिये है। अब औरया, महोबा बुलंदशहर, अमेठी, सिद्धार्थनगर, देवरिया, बिजनौर, कासगंज, मऊ, कुशीनगर और सोनभद्र में आरटीपीसीआर की जांच हो सकेगी। प्रदेश में इन नई प्रयोगशालाओं से एक ओर जांच की संख्या में तेजी से इजाफा होगा, वहीँ कोरोना को मात देने में भी सरकार को मदद मिलेगी। इन नई प्रयोगशाला के संचालन से सर्वाधिक जांच में रिकार्ड बना चुका उत्तर प्रदेश अब नया कीर्तिमान गढ़ेगा, जो अन्य प्रदेशों के लिए मिसाल साबित होगा। प्रदेश में इन नई आरटीपीसीआर टेस्ट प्रयोगशालाओं के संचालन से प्रदेश के 45 जनपदों में प्रयोगशाला हो जाएंगी। वहीं तीन से चार माह के अंदर प्रदेश के अन्य 30 जनपदों में भी ऐसी प्रयोगशालाएं स्थापित करने के निर्देश सीएम ने दिए हैं। बता दें कि प्रदेश में सरकारी क्षेत्र में 125 और नीजि क्षेत्र में 104 प्रयोगशाला क्रियाशील थी, अब इन नई प्रयोगशालाओं के बढ़ने से एक ओर जांच की संख्या में तेजी से इजाफा होगा वही ट्रिपल टी की नीति के तहत कोरोना की जांच से संक्रमण पर लगाम लगने के साथ ही कोरोना वायरस के नए बेरिएंट की पहचान हो सकेगी।

पुर्वग्रहण आदेश को मजिस्ट्रेट ने किया निरस्त

ललितपुर। आदेश ग्राम तालबेहट बाहर परगना व तहसील तालबेहट की आ.सं.–3983 मि., रकवा 0.243 हे. द्वारा तहसील तालबेहट में अग्निशमन केन्द्र की स्थापना हेतु अधीग्रहण किया गया था। पुलिस अधीक्षक के पत्र संख्या पु–87 / 2017, 29 दिसम्बर 2020 द्वारा उक्त पुर्नग्रहीत आराजी का रकवा मानक से कम होने का उल्लेख करते हुए, उक्त आवंटन को निरस्त करते हुए अन्य भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु अवगत कराया गया। तदनुसार शारानादेश संख्या –154 / एक–1–2021–रा.–1. 08 जून 2021 द्वारा उक्त पुर्नग्रहण आदेश 07 अक्टूबर 2017 को अपास्त करने की अनुमति प्रदान की गई है। अतः आ.सं.–3983 मि., रकवा 0.243 हे. (श्रेणी 5–3 –ड, बंजर) स्थित ग्राम तालबेहट बाहर, परगना व तहसील तालबेहट के संबंध में पारित पुर्नग्रहण आदेश संख्या –88 / आठ–एल.ए.सी.–पुर्न) (2017–18), 07 अक्टूबर 2017 को निरस्त कर भूमि को पुनः गांवसभा के बंजर खाते में दर्ज किया जाय।

पुनः इंद्रेश तिवारी को मिली युवा महासभा की कमान

(जनप्रिय संवाददाता)
ललितपुर। युवा महासभा की आवश्यक बैठक श्री तुवन मंदिर परिसर में सम्पन्न हुयी। जिसमें संस्थापक सूर्यकांत बबेले के निर्देश पर इंद्रेश तिवारी को पुनः युवा महासभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस दौरान महासभा के कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। तो वहीं इंद्रेश तिवारी ने कहा कि उनकी जिम्मे दारी है कि वह संगठन को गति प्रदान करें, इस

दिशा में पूरी ऊर्जा के साथ वह काम करेगें। जनपद के प्रत्येक गांव में कार्यकर्ता बनाएंगें और सामाजिक कार्यो में भागीदारी कर जरूरतमंद एवं गरीब तबके के लोगों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगें। तो वहीं युवा महासभा संस्थापक सूर्यकांत बबेले ने कहा कि संगठन का कार्य केवल निस्वार्थ भाव से समाजसेवा करना है। जिसके लिए वह कृत संकल्पित हैं। इस दौरान हैप्पी यादव, सानू पाठक, शिवम तिवारी, आयुष शर्मा, आकाश यादव, रामजी गुप्ता, ऋधि नायक, अंकित दुबे मनेशा, कपिल पाठक आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पंचायत पाली, ललितपुर

पत्रांक मेमो / न0प0 पाली / टेण्डर / 2021–22 दिनांक 26.06.2021

ई-निविदा सूचना

अधिशासी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पंचायत पाली के द्वारा स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा दे सकता है।

1. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि–26.06.2021 से 09.07.2021 तक।
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिये अंतिम तिथि / समय–09.07.2021 को दोपहर 02.00 बजे तक। 3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय–09.07.2021 को अपरान्ह 03.00 बजे। 4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिये कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अध्यक्ष
नगर पंचायत पाली

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पाली

अपेन्डेक्स ऑपरेशन में घोर लापरवाही से मरीज की मौत का आरोप, ली न्यायालय की शरण

ललितपुर। अपने पति के पेट में हुये दर्द का इलाज नई तहसील के पास सिद्धंन रोड स्थित एक चर्चित हॉस्पिटल में कराना मंहगा पड़ गया। उपचार के दौरान हालत बिगडने पर निजी चिकित्सालय संचालक व वहां कार्यरत चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिये। निजी चिकित्सालय द्वारा जबरन डिस्चार्ज करने पर पीड़ित महिला अपने पति को झांसी मेडीकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान युवक के शरीर से अंग गायब होने की बात कहते हुये लौटा दिया गया। महिला ने समय पर सही उपचार न मिलने पर अपने पति को कलेक्ट्रेट चौराहा लेकर पहुंची, जहां युवक की मौत हो गयी। पीड़ित महिला ने मामले की लिखित शिकायत जिला व पुलिस प्रशासन से की। लेकिन कार्यवाही न होने के चलते अब पीडिता ने न्यायालय की शरण ली है। पूरे मामले में नई तहसील के पास सिद्धंन रोड स्थित निजी अस्पताल की भूमिका पर सवाल खड़ा किया गया, तो वहीं दूसरी ओर अब इंसाफ के लिए महिला ने निजी चिकित्सालय संचालक व कार्यरत चिकित्सकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किये जाने की गुहार लगायी है। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम लागौन निवासी बालकुंवर ने बताया कि उसके पति देवीसिंह यादव को पेट में दर्द होने के चलते 27 मार्च 2021 को सदनशाह से नई तहसील के पास एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां अस्पताल संचालक व मौजूद चिकित्सक ने देवीसिंह के पेट में अपेन्डेक्स होने की बात कहते हुये ऑपरेशन के नाम पर 1.20 लाख रुपये जमा करा लिये। पीड़िता ने बताया कि 16 अप्रैल 2021 तक उसके पति को भर्ती रखा गया। यह भी बताया कि इस दौरान उक्त अस्पताल में भोपाल, सागर के कई चिकित्सक बिना कोविड जांच के आते–आते रहे और ऑपरेशन करते रहे। उपचाररत उसके पति की हालत मरणासन्न हो गयी। पीड़िता ने बताया कि अस्पताल संचालक व चिकित्सकों द्वारा उसके पति की हालत बिगडने की बात कहते हुये उसे झांसी ले जाने की बात कही गयी। पीड़िता व उसके परिजन किसी प्रकार एम्बुलेंस के जरिए देवीसिंह को झांसी मेडीकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सकों ने देवीसिंह के शरीर से कुछ अंग निकाले जाने से उसकी हालत को गंभीर बताया। पीड़िता बालकुंवर के अनुसार वह तीन दिन बाद 20 अप्रैल 2021 को देवीसिंह को लेकर उक्त अस्पताल फिर पहुंची, जहां देवीसिंह का उपचार करने से इंकार करते हुये अस्पताल से बाहर निकलवा दिया गया। देवीसिंह की बिगडती हालत को लेकर उसके परिजन कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट तक पहुंचे थे, कि तभी देवीसिंह ने दम तोड़ दिया। पीड़िता ने बताया कि पूरे मामले की लिखित शिकायत जिला व पुलिस प्रशासन को की गयी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी।

आर.एन.आई.नं.–56771 / 92पोस्टिंग रजि.झांसी 232 / 2020–2023
सिद्धि उद्योग समूह सेवा समिति के लिये प्रकाशक एवं मुद्रक भूपेन्द्र जैन द्वारा 8, सिविल लाइन ललितपुर से प्रकाशित एवं सिद्धि प्रेस एण्ड जर्नल्स 19 / 2 औद्योगिक आस्थान ललितपुर से मुद्रित।

प्रधान संपादक-भूपेन्द्र जैन
प्रबंध सम्पादक -विपुल जैन स्थानीय सम्पादक-विनीत चतुर्वेदी
फोन नं. (05176) 272167
E-mail : dainikjanpriya.itp@gmail.com